**NEET Bulletin Helpline No.**
**8800265682**
**Completely NEET Counselling Guidance specially for**
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्षः 14 अंकः 52 लखनऊ, बुधवार 02 अक्टूबर 2024 मूल्यः 02 रुपये पृष्ठ- 08

## देश की एकता तोड़ने के लिए नए-नए प्रयोग कर रही कांग्रेस, हरियाणां में बोले पीएम मोदी चारो तरफ भाजपा की लहर है

एजेंसी।

नई दिल्ली प्रधानमंत्री ने कहा कि हम परिणाम पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जबकि कांग्रेस कभी भी खुद मेहनत नहीं करती। कांग्रेस को लगता था कि 10 साल हो गए, हरियाणा वाले उन्हें थाली में परोसकर सत्ता दे देंगे। हरियाणा के पलवल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक चुनावी सभा करने पहुंचे हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री और भाजपा नेता नायब सिंह सैनी और अन्य पार्टी नेताओं ने उनका अभिनंदन किया। अपने संबोधन के शुरूआत में मोदी ने कहा कि हरियाणा के लोगों ने विधानसभा चुनाव में एक बार फिर भाजपा को भारी बहुमत



से जिताने का निश्चय कर लिया है। उन्होंने कहा कि मैंने एक सामान्य कार्यकर्ता के रूप में लंबे समय तक हरियाणा की जमीनी राजनीति को देखा है। बीते दिनों हरियाणा के अलग-अलग क्षेत्र में मुझे चुनाव अभियान के लिए, जनता-जनार्दन के दर्शन के लिए जाने का अवसर मिला है। आज इस चुनाव की ये मेरी अंतिम सभा है। आपने भी मेरी इस चुनाव की आखिरी सभा को चार चांद लगा दिए हैं। मोदी ने कहा कि आज गांव-गांव में चारो तरफ भाजपा की लहर है। हर जगह एक ही आवाज गूंज रही है – भरोसा दिल से, भाजपा फिर से...। उन्होंने कहा कि हरियाणा का तो ट्रैक रिकॉर्ड रहा है कि केंद्र में जिसकी सरकार रहती है, हरियाणा में भी उसी की सरकार बनती है। आपने दिल्ली में तीसरी बार भाजपा सरकार बनाई, अब यहां हरियाणा में भी तीसरी बार भाजपा सरकार बनाना आप लोगों ने तय कर लिया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा ने हमें सिखाया है कि काम करो, मेहनत से करो। कांग्रेस का फॉर्मूला है- ना काम करो और ना दूसरों को काम करने दो। कांग्रेस की राजनीति केवल झूठे वादों तक सीमित रहती है, जबकि भाजपा की राजनीति मेहनत और परिणामों पर टिकी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम परिणाम पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जबकि कांग्रेस कभी भी खुद मेहनत नहीं करती। कांग्रेस को लगता था कि 10 साल हो गए, हरियाणा वाले उन्हें थाली में परोसकर सत्ता दे देंगे। यही गलतफहमी कांग्रेस को मध्य प्रदेश में भी थी, वहां भी कांग्रेस के लोग पहले ही जीत का जश्न मनाने लगे थे। लेकिन मध्य प्रदेश की जनता ने वोटिंग के दिन कांग्रेस को दिन में तारे दिखा दिए। उन्होंने कहा कि यहां हरियाणा में कांग्रेस के भीतर जो कलह मची है, उसे भी यहां के लोग देख रहे हैं।

## लद्दाख के लोगों की आवाज सुने केंद्र, पदयात्रा रोकने से कुछ हासिल नहीं किया जा सकता-अखिलेश यादव

lokननkrkA

लखनऊ । समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्र से जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक सहित लद्दाख के लोगों की ''आवाज'' सुनने का आग्रह किया, जिन्हें पुलिस ने कथित तौर पर दिल्ली की सीमा पर रोक दिया था। पूर्व मुख्यमंत्री यादव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''जो लोग शांति से डरते हैं, वे अंदर से डरे हुए लोग होते हैं। भाजपा सरकार पर्यावरण रक्षक व लद्दाख हितैषी सोनम वांगचुक जी की शांतिपूर्ण दिल्ली यात्रा को बाधित करके कुछ भी हासिल नहीं कर सकती। केंद्र अगर सरहद की आवाज नहीं सुनेगा तो ये उसकी राजनीतिक श्रवणहीनता



कहलाएगी।' जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक और दिल्ली सीमा पर हिरासत में लिये गए अन्य लोगों ने मंगलवार को उन पुलिस थानों पर अनिश्चितकालीन अनशन शुरू कर दिया जहां उन्हें रखा गया है। इन लोगों को उस समय हिरासत में लिया गया जब वे लद्दाख के लिए छठी अनुसूची में दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर राजधानी की ओर मार्च कर रहे थे। वांगचुक, एक महीने पहले लेह से शुरू हुई 'दिल्ली चलो पदयात्रा' का नेतृत्व कर रहे है। उन्हें और लद्दाख के लगभग 120 अन्य लोगों को सोमवार रात हिरासत में लिया गया। पदयात्रा का आयोजन 'लेह एपेक्स बॉडी' द्वारा किया गया था, जो 'करगिल डेमोक्रेटिक अलायंस' के साथ मिलकर पिछले चार साल से लद्दाख के लिए राज्य का दर्जा दिए जाने और इसे संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने, लद्दाख के लिए लोक सेवा आयोग के साथ ही शीघ्र भर्ती प्रक्रिया शुरू करने और लेह एवं करगिल जिलों के लिए अलग लोकसभा सीटों की मांग को लेकर आंदोलन का नेतृत्व कर रही है।

## लड्डू में मिलावट नहीं हुई है, ऐसा सुप्रीम कोर्ट ने नहीं कहा, तिरुपति प्रसाद विवाद पर बोले पवन कल्याण

, tlhA

आंध्र प्रदेश कल्याण ने कहा कि पिछले 5 वर्षों में जिस तरह के उल्लंघन हुए हैं, हमारी सरकार उसे आगे बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा सिर्फ प्रसाद विवाद का नहीं हैं। तिरुपति लड्डू विवाद से जुड़ी याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। आंध



्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कभी नहीं कहा कि तिरुपति मंदिर के प्रसाद में मिलावट नहीं हुई है। उनकी यह टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट द्वारा आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू को तिरूपति के लड्डू के बारे में सार्वजनिक तौर पर आरोप लगाने के लिए फटकार लगाने के एक दिन बाद आई है। कल्याण ने इस बात पर जोर दिया कि उनकी सरकार पिछली वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) शासन के दौरान हुए उल्लंघनों की जांच करेगी। उपमुख्यमंत्री ने सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई का जिक्र करते हुए कहा कि न्यायाधीशों ने स्पष्ट रूप से यह नहीं कहा कि लड्डू बिना मिलावट के थे। उन्होंने तारीख के संबंध में कुछ भ्रम पर प्रकाश डाला, जिसे संबोधित किया जाएगा। कल्याण ने कहा कि पिछले 5 वर्षों में जिस तरह के उल्लंघन हुए हैं, हमारी सरकार उसे आगे बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा सिर्फ प्रसाद विवाद का नहीं हैं। तिरुपति लड्डू विवाद से जुड़ी याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भगवान को राजनीति से दूर रखना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश सरकार के वकील से कई सवाल पूछे। कोर्ट ने कहा कि एसआई टी जांच आदेश दिए जाने के बाद प्रेस में जाने की क्या जरूरत थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एसआईटी जांच के नतीजे आने तक क्या रुक नहीं सकते थे। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने मुख्यमंत्री को फटकार लगाते हुए कहा कि इस दावे का समर्थन करने वाला कोई निर्णायक सबूत नहीं है कि प्रसादम लड्डू की तैयारी में इस्तेमाल किया गया घी दूषित था।

## हरियाणा को किसी दामाद का दहेज नहीं बनने देंगे, शिवराज

एजेंसी।

हरियाणा। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बीजेपी को हर जगह से आशीर्वाद मिल रहा है। मुझे पूरा भरोसा है कि हरियाणा और बहादुरगढ़ की जनता बीजेपी की सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि हम हरियाणा को किसी दामाद का दहेज नहीं बनने देंगे। हरियाणा चुनाव को लेकर बहादुरगढ़ में एक जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा है। शिवराज ने अपना हमला करते हुए कहा कि राहुल गांधी श्मोदी-विरोध श पर इतना पागल हो गए हैं कि झूठ बोलते रहते हैं। उनका जन्म तब हुआ होगा जब ध ारती पर सारे झूठ बोलने वाले मरे होंगे उन्हें शर्म भी नहीं आती। इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर भी वार किया। उन्होंने कहा कि वे कहते है कि वह नहीं मरेंगे जब तक उन्होंने पीएम मोदी को नहीं हटाएंगे, श्दादाश कृपया 1000 साल तक जीवित रहें। क्या राजनीति में इतना घिनौना होना चाहिए? शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बीजेपी को हर जगह से आशीर्वाद मिल रहा है। मुझे पूरा भरोसा है कि हरियाणा और बहादुरगढ़ की जनता बीजेपी की सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि हम हरियाणा को किसी दामाद का दहेज नहीं बनने देंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आरक्षण विरोध ी, दलित विरोधी, व्ठब विरोधी है। जब-जब कांग्रेस ने हरियाणा में सरकार बनाई, यहां क्राइम, कमीशन और करप्शन बढ़ा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अजीब पार्टी है, दिल्ली में ।।च के साथ दोस्ती करती है और हरियाणा में कुश्ती कर रही है। उन्होंने कहा कि



हरियाणा में भाजपा सरकार ने बीते 10 वर्षों में जनकल्याण और सुशासन के नये मानदंड स्थापित किये हैं। हरियाणा वासी एक बार फिर कमल खिलाने तैयार हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कांग्रेस की हरियाणा इकाई में कलह होने का दावा करते हुए कहा कि देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी से सबसे अधिक नाराजगी राज्य के दलित, पिछड़े और वंचित समाज की है और वे 'बापू-बेटे' (हुड्डा परिवार) की राजनीति को चमकाने का मोहरा नहीं बनेंगे। मोदी ने यहां एक रैली को संबोधित करते हुए यह आरोप भी लगाया कि कांग्रेस की नस-नस में भ्रष्टाचार दौड़ता है और यह 'दलालों व दामादों' की पार्टी बन गई है। उन्होंने कहा, ''यहां हरियाणा में कांग्रेस के भीतर जो कलह मची है, उसे भी यहां के लोग देख रहे हैं। कांग्रेस से सबसे अधिक नाराजगी तो दलित, पिछड़े, वंचित समाज की है। दलित समाज ने भी ठान लिया है कि वो बापू-बेटे की राजनीति को चमकाने का मोहरा नहीं बनेंगे।''

## 19 नवीन गोसंरक्षण केन्द्रों के निर्माण हेतु 15.20 करोड़ रूपये की धनराशि स्वीकृत

लखनऊ(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश के 10 जनपदों में 19 नवीन गो संरक्षण केन्द्रों का निर्माण कराये जाने के लिए प्रथम किस्त के रूप में 1520.00 लाख (रूपये पंद्रह करोड़ बीस लाख मात्र) की ध नराशि वर्तमान वित्तीय वर्ष में स्वीकृति की है। प्रत्येक केन्द्र हेतु 80 लाख रूपये की धनराशि का प्रावधान किया गया है। नवीन गोसंरक्षण केन्द्रों का निर्माण जनपद हरदोई के ग्राम गुरसंडा, मुबारकपुर तह0 सदर, जनपद कुशीनगर के ग्राम कोहरवलिया, तह0 पडरौना, जनपद हापुड़ के ग्राम हिम्मतपुर, तह0 गढ़मुक्तेश्वर, ग्राम पारपा व हिण्डालपुर तह0 धौलाना, जनपद मिर्जापुर के ग्राम बबुरा रघुनाथ सिंह तह0 लालगंज, ग्राम नौगंवा तह0 लालगंज, जनपद पीलीभीत के ग्राम बहादुरपुर हुकमी तह0 पीसलपुर, जनपद अयोध्या के ग्राम कोटिया, अंजरौली तह0 मिल्कीपुर तथा ग्राम गनेशपुर तह0 रूदौली, जनपद बाराबंकी के ग्राम जमीन हुसेनाबाद तह0 हैदरगढ़, जनपद आगरा के ग्राम फतेहपुरा वि0ख0 जैदपुर तह0 बाह, ग्राम विक्रमपुर, वि0ख0 व तह0 बाह, ग्राम मिडावली, वि0ख0 संइया तह0 खेरागढ़ तथा ग्राम बभनई कला, वि0ख0 0 तह0 खेरागढ़, जनपद बांदा के ग्राम जलालपुर बॉगर तह0 बबेरू तथा जनपद शाहजहॉपुर के ग्राम बड़ागांव तह0 पुवांया में किया जायेगा। इस संबंध में पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी कर दिया गया है। शासनादेश में निदेशक, प्रशासन एवं विकास पशुपालन विभाग को निर्देशित किया गया है कि गो संरक्षण केन्द्रों हेतु निर्गत की गयी धनराशियों के नियम संगत व्यय, विवरणध्उपयोगिता प्रमाण पत्र तथा भौतिक प्रगति तथा गुणवत्ता सुनिश्चित किये जाने का दायित्व निदेशक, प्रशासन एवं विकास पशुपालन विभाग का होगा और स्वीकृत धनराशि आहरित कर सीधे संबंधित कार्यदायी संस्था को उपलब्ध करायी जायेगी। स्वीकृ त धनराशि से वृहद गोसंरक्षण केन्द्र का निर्माण कार्य ससमय पूर्ण कराने एवं केन्द्र के अग्रेतर संचालन की पूर्ण जिम्मेदारी संबंधि ात जिलाधिकारी की होगी। स्वीकृत धनराशि का व्ययउपयोग योजना के मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुरूप करते हुए व्यय विवरण सहित उपयोगिमा प्रमाण पत्र शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।

## मध्य प्रदेश में सबको साथ लेकर चलने की कोशिश में मोहन यादव, कांग्रेस विधायकों के साथ की बैठक, मांगा विजन डाक्यूमेंट

एजेंसी।

मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री आवास पर एक अहम बैठक में सीएम मोहन यादव ने कांग्रेस विधायकों से अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों के लिए विकास योजनाओं की रूपरेखा बताते हुए एक विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने का आग्रह किया। मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव राज्य में सबको साथ लेकर चलने की कोशिश कर रहे हैं। मुख्यमंत्री आवास पर एक अहम बैठक में सीएम मोहन यादव ने कांग्रेस विधायकों से अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों के लिए विकास योजनाओं की रूपरेखा बताते हुए एक विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने का आग्रह किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सरकार इस प्रयास में पूरा समर्थन देगी। यादव ने विपक्ष के नेता उमंग सिंघार और लगभग 35 कांग्रेस विधायकों से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद मोहन यादव ने उम्मीद जताई कि रचनात्मक विपक्ष राज्य के विकास में सकारात्मक योगदान देगा। उन्होंने उनकी चिंताओं को सुना और विभिन्न मुद्दों के समाधान के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने चल रही सरकारी पहलों पर चर्चा की, जिसमें प्रतिकूल मौसम की स्थिति से प्रभावित फसलों का सर्वेक्षण करने का हालिया निर्णय भी शामिल है। उन्होंने जिला कलेक्टरों को किसी भी फसल क्षति का प्रभावी ढंग से समाधान करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने विशेष रूप से इंदौर, उज्जैन, भोपाल और ग्वालियर जैसे शहरी क्षेत्रों में सब्सिडी बढ़ाकर गौशालाओं (गाय आश्रयों) की स्थिति में सुधार करने के प्रयासों पर प्रकाश डाला। मुख्यमंत्री का लक्ष्य मध्य प्रदेश में गाय आधारित अर्थव्यवस्था और डेयरी उत्पादन को बढ़ावा देना है, ।

## महाराष्ट्र चुनाव से पहले एनडीए के सहयोगी ने कर दी ये खास मांग, कहा- चाहिए 8 से 10 सीटें

एजेंसी।

महाराष्ट्र महायुति गठबंधन में भाजपा, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अजीत पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) शामिल हैं, नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए तैयारी कर रही है। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) ख्आरपीआई (ए), के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने मंगलवार को घोषणा की कि उन्होंने आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में आठ से दस सीटों पर चुनाव



लड़ने के लिए अपनी पार्टी के अनुरोध को सूचित किया है। अठावले ने कहा कि उन्होंने महायुति गठबंध ान के भीतर चल रही सीट-बंटवारे की बातचीत के तहत वरिष्ठ भाजपा नेता और महाराष्ट्र चुनाव प्रभारी भूपेन्द्र यादव को यह मांग बताई। महायुति गठबंधन में भाजपा, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अजीत पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) शामिल हैं, नवंबर में होने वाले विध ानसभा चुनावों के लिए तैयारी कर रही है। अठावले ने आरपीआई (ए) की भागीदारी के महत्व पर जोर दिया और कहा कि पार्टी का एक अलग वोट बैंक है। अठावले ने कहा कि हमने आठ से दस सीटों की इच्छा व्यक्त की, जो हमारे प्रतिनिधित्व को मजबूत करने के लिए प्रत्येक क्षेत्र में एक या दो सीटों का मतलब है।ष् उन्होंने गठबंध ान सहयोगियों पर भरोसा जताते हुए कहा कि समर्पित समर्थन आधार को देखते हुए आरपीआई (ए) को शामिल करना फायदेमंद होगा। चूंकि वर्तमान विधानसभा में 288 सीटें हैं

## पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह एवं पशुधन विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 लालबहादुर

लखनऊ(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह एवं पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। दोनों महापुरूषों के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर जारी एक संदेश में मंत्रिगणों ने कहा है कि गांधी जी स्वतंत्रता आंदोलन के अग्रदूत थे। उन्होंने पूरी दुनिया एवं भारत में अपनी सत्य, अहिंसा के विचार से प्रभावित किया। उनकी सत्याग्रह की अवधारणा की नीव अहिंसा के सिद्धांत पर रखी गई थी, जिसने भारत समेत पूरे विश्व में नागरिक अधिकारों एवं स्वतंत्रता के प्रति आंदोलन के लिए प्रेरित किया। पूरा देश महात्मा गांधी जी के योगदान के प्रति कृतज्ञ है। आने वाली पीढ़ियां उनके व्यक्तित्व, त्याग और बलिदान से प्रेरणा लेती रहेंगी। मंत्रिगणों ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 लालबहादुर शास्त्री जी को नमन करते हुए कहा कि देश को खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर बनाने के लिए 'जय जवान, जय किसान'' का नारा दिया था, जो उस दौर में भारतीयों को किसानों के प्रति सम्मान एवं जवानों को देश की रक्षा के लिए प्रेरित किया था। उनका सादा जीवन उच्च विचार का संदेश सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत आज भी बना हुआ है।

## भारत में कृषि संबंधी हर प्रकार की जानकारी देगा गोल्डन फार्म्स एप्प' -एस.के.चौधरी

संवाददाता।

'लखनऊ। भारत में कृषि सम्बंधित उत्पाद की सप्लाई चेन को डिजिटल बनाने के लिए जाज गोल्डन फार्म्स नामक एक नया डिजिटल ऑनलाइन बाजार लॉन्च किया गया है। 16,000 से अधिक स्थानों को उत्पाद पहुँचाती इस मोबाइल ऐप के जरिए उपभोक्ता, सीधे निर्माता से कृषि सम्बंधित उत्पाद खरीद सकेंगे, जिससे उन्हें बेहतर कीमत और अच्छी गुणवत्ता के उपत्याद मिलेंगे। यह ऑनलाइन बाजार कृषि सम्बन्ध ी उत्पादों की खरीद प्रक्रिया को ग्रामीण भारतीयों के लिए अधिक सुलभ और पारदर्शी बना देगी। इस मंच पर देश भर से 16,500 से अधिक व्यापारी जुड़ चुके हैं, जिसमें से 30-30 फीसदी व्यापारी मध्य एवं पश्चिमी क्षेत्र से तथा 15-15 फीसदी व्यापारी उत्तरी एवं दक्षिणी क्षेत्र से हैं। गोल्डन फार्म्स एप्लीकेशन से जुड़ा व्यापारी नेटवर्क सुनिश्चित करेगा कि अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को बेहतरीन गुणवत्ता के कृषि सम्बंधित उत्पाद आसानी से उपलब्ध हो सकें। कंपनी ने सालाना दो अंकों की दर से अपना नेटवर्क बढ़ाने तथा हर साल 5-6 नए प्रोडक्ट्स लॉन्च करने की योजना बनाई है। वर्तमान में यह ऐप 22 कृषि सम्बंधित उत्पाद पेश करती है। कंपनी के प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में 35 फीसदी शाकनाशी और 45 फीसदी कीटनाशी हैं। इस अवसर पर एस. के. चौधरी, संस्थापक निर्देशक ने कहा, श्गोल्डन फार्म्स कृषि सम्बंधि ात उत्पादों के खंडित बाजार को अपनी सेवाएं प्रदान करेगा। वर्तमान में हम भारत के 80: से ज्यादा क्षेत्रों में अपने उत्पाद पहुंचा रहे हैं और हमसे जुड़े निर्माताओं और व्यापारियों की क्षमता भी बढ़ा रहे हैं। हमने अगले पांच सालों में 20-25 फीसदी की दर से विकसित होने का लक्ष्य रखा है। आने वाले समय में हम गोल्डन फॉर्म्स को न केवल कृषि रसायनों बल्कि कृषि सम्बंधित सभी आवश्यकताओं की खरीद के लिए पसंदीदा प्लेटफॉर्म के रूप में विकसित करना चाहते हैं।श इस मोबाइल ऐप में कई विशेषताएँ हैं जो खरीद के अनुभव को बेहतर बनाती हैं। इसके जरिए 10 लीटर से लेकर 10,000 लीटर तक उत्पाद खरीदा जा सकता है। इसके अलावा यह ऐप मौसम, मंडी की कीमतों, फसल के लिए व्यक्तिगत सलाह आदि अनुमानित समय पर अपडेट्स भी देती है। सुनिश्चित करती है कि किसानों को अपने क्षेत्र में खेती से जुड़ी हर जरूरी जानकारी मिलती रहे। इस मंच में अनुमानित समय पर इन्वेंटरी मैनेजमेन्ट को भी शामिल किया गया है, जिसके द्वारा डीलर माल पर निगरानी रख सकते हैं और माल न बिकने के कारण होने वाले नुकसान से बच सकते हैं। गोल्डन फॉर्म्स का लॉन्च भारत की कृषि आपूर्ति श्रृंखला को आधुनिक बनाने तथा देश भर के उपभोक्ताओं का मुनाफा बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## मंत्रियों ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं

लखनऊ(आरएनएस)। प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान, उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले मंत्री आशीष पटेल, कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल, माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी, पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप, उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह, कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही, उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने संयुक्त रूप से अपने संदेश में प्रदेशवासियों को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

# बुजुर्गों का सम्मान करना हमारी परम्परा ही नहीं नैतिक जिम्मेदारी भी– असीम अरुण

लखनऊ(आरएनएस)। बुजुर्गों का सम्मान करना हमारी परम्परा ही नहीं नैतिक जिम्मेदारी भी है। वृद्धजनों से हमेशा ही मार्गदर्शन मिलता है। वे प्रत्यक्ष–अप्रत्यक्ष रूप से हमें संबल प्रदान करते है। हमारी आने वाली पीढ़ीयों को नसीहत देते है और उनका मार्ग प्रशस्त करते है। ये बातें समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), असीम अरूण ने आज अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस एवं दादा–दादी, नाना–नानी दिवस पर भागीदारी भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में कहीं।समाज कल्याण विभाग द्वारा, हेल्पेज इंडिया और वरिष्ठ नागरिक महासमिति के संयुक्त तत्वावधान में भागीदारी भवन में आयोजित कार्यक्रम के संबोधन में असीम अरूण ने कहा कि वृद्धजनों की तब मदद की जाये जब उन्हें इसकी जरूरत हो। हमें उन्हें एकाकी नहीं रहने देने चाहिए। प्रदेश सरकार वृद्धजनों के हित में लगातार प्रयास कर रही है और उनके लिए कल्याणकारी योजनाएँ संचालित कर रही है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में उत्तर प्रदेश एकमात्र अकेला ऐसा राज्य है जिसके सभी 75 जिलों में वृद्धाश्रम संचालित हैं।असीम अरूण ने कहा कि आज के कार्यक्रम का उद्देश्य है कि बच्चे और युवा पीढ़ी घर परिवार के बड़े–बुजुर्गों की एहमियत को समझें। उनके अनुभवों से प्रेरणा लें और विषम परिस्थियों से सामना होने पर उनसे मार्गदर्शन प्राप्त कर जीवन की चुनौनियों का मजबूती से सामना करें। उन्होंने कहा कि समाज कल्याण विभाग का प्रयास है की वृद्धावस्था पेन्शन की पात्रता की उम्र आने पर अर्हता पूरी करने वाले जरूरतमंत बुजर्ग पेन्शन के लिए आवेदन न करना पड़े बल्कि उन्हें स्वतः ही पेन्शन मिलने लगे। इस अवसर पर वरिष्ठ नांगरिकों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में 102 वर्षीया राधा जोशी के अलावा 90 वर्षीया कमला डी, उमा त्रीगुणायत, डा. वाई.डी.मिश्र, प्रीतम सिंह नट, वीरेंद्र सिंह, रामलाल गुप्ता, सोबरन सिंह, विजय शंकर वास्तव, वी.के.खरे, दुर्गा दत्त, प्रो.आनंद बरनवाल वैद्य, प्रो.योगेंद्र सिंह, रघुनाथ सिंह आदि शामिल रहे। शतायु सम्मान से सम्मानित कमला डी.ने बताया कि वह लखनऊ वि.वि.से प्रोफेसर हेड के पद से रिटायर हुईं। उन्होंने कहा कि रिटायर होने के बाद उन्होंने अपनी जिंदगी का बखूबी लुत्फ उठाया। विदेश घूमी,समाज सेवा की। उन्होंने बताया कि लखनऊ के निराला नगर में वह अकेली रहती हैं मगर 14 ऐसी ही एकाकी जीवन जीने वाली महिलाओं के साथ

# मंत्री राकेश सचान ने गांधी जयंती पर खादी को अपनाने का किया आह्वान

लखनऊ(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने मंगलवार को खादी ग्रामोद्योग भवन, डालीबाग, लखनऊ में आयोजित 'कारीगर मेला' में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। यह मेला फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन (एफएलओ) लखनऊ चौप्टर द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर प्रदेश के हस्तशिल्प और शिल्पकारों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।मंत्री राकेश सचान ने इस अवसर पर योगी सरकार की ओडीओपी (एक जिला, एक उत्पाद) योजना की सफलता को रेखांकित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो ने प्रदेश के कारीगरों और उद्यमियों को वैश्विक पहचान दिलाई है। ओडीओपी जैसी योजनाओं के माध्यम से कारीगरों को रोजगार और बाजार दोनों में प्रगति के अवसर मिल रहे हैं। मंत्री ने कहा कि योगी सरकार कारीगरों और हस्तशिल्पियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। हम स्थानीय शिल्प और कारीगरी को प्रोत्साहन देकर उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सशक्त कर रहे हैं। उन्होंने महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर जनता से खादी को अपने दैनिक जीवन में अपनाने की अपील करते हुए कहा कि खादी न केवल स्वदेशीता का प्रतीक है, बल्कि यह हमारे स्वतंत्रता संग्राम की धरोहर भी है। खादी उत्पादों को अपनाने से हम कारीगरों की आजीविका को समर्थन देंगे और गांधी जी के स्वावलंबन के स्वप्न को साकार करेंगे। कारीगर मेले में पूरे प्रदेश से आए शिल्पकारों ने अपने हस्तशिल्प उत्पाद जैसे हथकरघा वस्त्र, मिट्टी के बर्तन, जूट उत्पाद, धातु कला, सिरेमिक कला, चिकनकारी और खादी वस्त्रों का प्रदर्शन किया। मंत्री ने शिल्पकारों की कला की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ऐसे आयोजनों के माध्यम से कारीगरों को प्रोत्साहित कर रही है, जिससे न केवल उनकी कला को पहचान मिलती है, बल्कि उन्हें व्यापक बाजार तक पहुंचने का अवसर भी मिलता है। इस आयोजन का उद्देश्य लखनऊ के हस्तशिल्प और हथकरघा प्रेमियों को जोड़ना और कारीगरों को अपने उत्पाद प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करना था। मेले में कारीगरों को मुफ्त स्टॉल प्रदान किए गए थे, जिससे वे अपनी कला को प्रदर्शित कर सकें और आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें। कारीगरों की पहचान और उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सभी भागीदारों का सत्यापन किया गया था। कार्यक्रम में स्थानीय व्यंजनों और लाइव संगीत की प्रस्तुति ने वातावरण को और भी जीवंत बना दिया। इस आयोजन के प्रमुख आयोजकों में एफएलओ लखनऊ की अध्यक्ष विभा अग्रवाल, राष्ट्रीय हथकरघा और हस्तशिल्प प्रमुख स्वाति वर्मा, सह–अध्यक्ष अदिति जग्गी और रिया पंजाबी शामिल थीं। इस मौके पर खादी और एमएसएमई सचिव प्रांजल यादव, संयुक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी सिद्धार्थ यादव, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिरीक्षक (मध्य क्षेत्र) एन.के. सिंह, सिडबी के डीजीएम एस गणेश, एजीएम सनोज कुमार गुंजन जैसे प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

# पीएचडी के लिए मुक्त विश्वविद्यालय में ऑनलाइन आवेदन शुरू

प्रयागराज(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में सत्र 2024–25 के लिए पीएचडी प्रवेश सूचना विवरणिका का विमोचन मंगलवार को कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने किया। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा समय–समय जारी रेगुलेशन और निर्देशों के अनुसार पीएचडी में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 1 अक्टूबर से आमन्त्रित किए गए हैं।पीएचडी प्रवेश परीक्षा समिति के संयोजक प्रोफेसर पी के पांडेय ने बताया कि प्री– पीएचडी प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन और प्रवेश परीक्षा शुल्क विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन जमा कर सकते हैं।ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, आवेदन और प्रवेश परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 26 अक्टूबर निर्धारित की गई है, जबकि विलंब शुल्क के साथ 27 अक्टूबर से 6 नवंबर तक तक आवेदन किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन विवरण में त्रुटि संशोधन अवधि 7 से 12 नवम्बर तक निर्धारित की गई है। प्रवेश परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर 18 नवम्बर को अपलोड कर दिए जाएंगे। प्रवेश परीक्षा की प्रस्तावित तिथि 23 नवम्बर निर्धारित की गई है। प्रोफेसर पांडेय ने बताया कि विश्वविद्यालय इस बार प्रवेश परीक्षा के माध्यम से 14 विषयों कंप्यूटर विज्ञान, न्यूट्रीशन फूड एंड डाइटेटिक्स, पत्रकारिता एवं जनसंचार, वाणिज्य, मध्ययुगीन और आधुनिक इतिहास, व्यवसाय प्रशासन और व्यवसाय प्रबंधन, शिक्षा शास्त्र, संस्कृत और प्राकृत भाषा, सांख्यिकी, हिंदी और आधुनिक भाषाएं, भूगोल, प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व, गणित तथा जंतु विज्ञान में निर्धारित 40 सीटों में प्रवेश देगा।

# डिजिटल इंडिया ने किया चमत्कारी बदलाव– प्रो. आशीष खरे

प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रो. ईश्वर टोपा अकादमिक कॉम्प्लेक्स में मंगलवार को भारत सरकार के राष्ट्रीय ई–गवर्नेंस डिवीजन (एनईजीडी) सहयोग से 'डिजिटल इंडिया टॉक शो विषय पर कार्यशाला हुई। इस मौके पर रजिस्ट्रार प्रो. आशीष खरे ने कहा कि भारत सरकार का डिजिटल इंडिया कार्यक्रम चमत्कारी बदलाव लाया है। इविवि ने डिजिटल इंडिया कार्यक्रम की कई पहल को लागू भी कर दिया है।नेशनल ई–गवर्नेंस डिवीजन के निदेशक जेएल गुप्ता ने कहा कि सरकार की सुविधाओं को आमजन तक पहुंचाने में डिजिटल इंडिया का महत्पूर्ण योगदान है। प्रो. एसआई रिजवी ने यूपीआई का उदाहरण देते हुए कहा कि डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के कारण आज देश विकसित देशों के समकक्ष खड़ा है। करण टंडन ने डिजीलॉकर और एनटिटी लॉकर के बारे में बताया। अजीत कुमार ने उमंग पोर्टल के बारे में बताया। कृत्वी पालीवाल ने मानस पोर्टल और विश्वेसरैया पीएचडी फेलाशिप के बारे में बताया। इस अवसर पर प्रो. टीजे सिद्दकी, इविवि के नीति आयोग चेयर प्रो. मनमोहन कृष्ण, प्रो. एनके शुक्ल, प्रो. बेचन शर्मा, प्रो. आदेश कुमार, प्रो. जया कपूर, प्रो. अनुपम पाण्डेय, डॉ. अवनीश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# मंडलायुक्त ने किया थार्नहिल रोड का निरीक्षण

प्रयागराज(आरएनएस)। महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत स्मार्ट सिटी से बनाई जा रही थॉर्नहिल रोड पर कराए जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत ने पुलिस एवं अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में किया। निरीक्षण के दौरान थॉर्निल रोड के विभिन्न स्थानों पर किए गए एनक्रोचमेंट को देख उन्होंने खासी नाराजगी व्यक्त की एवं उस एरिया के चौकी इंचार्ज एवं उस जोन के जोनल इंचार्ज को फटकार लगाते हुए सभी एन्कोचमेंट को अतिशीघ्र हटाने के निर्देश दिए। कई स्थानों पर लगी अवैध दुकानों को भी शीघ्र हटाने के निर्देश दिए हैं। सर्विस लेन में जहां–जहां इंटरलॉकिंग का काम कराया गया है वहां पर फुटपाथ से स्लोव देते हुए पार्किंग का विस्तार करने के भी निर्देश दिए जिससे कि फुटपाथ एवं सड़क के किनारे खड़े किए जा रहे वाहनों को पार्किंग स्थल मिल सके एवं सड़क पर वाहन खड़े करने से रोके जा सकें। मण्डलायुक्त के दिए गए निर्देशों के क्रम में नगर निगम के संबंधित अधिकारियों ने अतिशीघ्र कार्रवाई करते हुए कई स्थानों से एन्कॉचमेंट हटा दिया।

# जगत तारन गर्ल्स डिग्री कश्वलेज में बीए प्रथम वर्ष की प्रवेश काउंसलिंग तीन और चार अक्टूबर को

प्रयागराज(आरएनएस)। प्राचार्या, जगत तारन गर्ल्स डिग्री कालेज ने बताया है कि बी०ए० प्रथम वर्ष सत्र 2024–25 की काउंसिलिंग प्रारम्भ है। प्रवेश हेतु वे छात्राएं जिन्होंने महाविद्यालय के प्रवेश पोर्टल पर पंजीकरण कराया है, वे फार्म वेरीफिकेशन एवं विषय आवंटन हेतु महाविद्यालय में आनलाइन आवेदन फार्म की प्रिन्टेड प्रति (स्वप्रमाणित संलग्नकों सहित) तथा अपने प्रमाणपत्रों की मूलप्रति के साथ निम्नलिखित तिथियों पर स्वयं प्रवेश समिति के सामने उपस्थित हों। अभ्यर्थियों को एसएमएस एवं प्रवेश पोर्टल के माध्यम से भी काउंसिलिंग तिथि एवं विषय आवंटन की सूचना भेज दी गयी है।सभी पात्र छात्राओं (सीयूईटी और गैर सीयूईटी) की काउंसिलिंग 03 और 04 अक्तूबर को प्रातः 9.30 से 11.30 बजे तक मेरिट के आधार पर होगी। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया सीटों की उपलब्धता तक लगातार चलती रहेगी।काउंसिलिंग की सूचना महाविद्यालय की वेबसाइट एवं प्रवेश पोर्टल पर अद्यतन की जाती रहेगी। निर्धारित तिथि को उपस्थित नहीं होने वाली छात्राओं का सीट आबंटन रद्द कर दिया जायेगा एवं उन्हें फिर महाविद्यालय के प्रवेश पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा।

# डश्व रामकुमार वर्मा पर शोध की अनेक संभावनाएं– डा भूरे लाल

प्रयागराज। डॉ रामकुमार वर्मा ट्रस्ट एवं इलाहाबाद विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आज डॉ रामकुमार वर्मा स्मृति व्याख्यान हिंदी विभाग प्रयाग विश्वविद्यालय के डॉ धीरेंद्र वर्मा सभागार में संपन्न हुआ कार्यक्रम की अध्क्षता डॉ भूरे लाल ने की। उन्होंने कहा की डॉ रामकुमार वर्मा पर शोध की अनेक संभावनाएं हैं। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ राजेंद्र कुमार ने श्डॉ रामकुमार वमारू साहित्य का त्रिविधायी व्यक्तित्वश विषय पर कहा कि डॉ रामकुमार वर्मा प्रसिद्ध कवि नाटककार समालोचक एवं आधुनिक हिंदी एकांकी नाटक के प्रवर्तन साहित्यकार के रूप में स्वीकार किए जाते हैं। उनका सारा जीवन हिंदी भाषा और साहित्य को समर्पित रहा। इलाहाबाद विश्वविद्यालय से पठन–पाठन एवं अनेकों वर्षों तक अध्यापन कार्य किया। उन्होंने हिंदी साहित्य की अनेक विधाओं में अनेक बहुमूल्य कृतियों का सृजन किया है। डॉ वर्मा ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय के अतिरिक्त रूस, श्रीलंका, नेपाल आदि देशों में भी हिंदी भाषा का अध्यापन किया और विभिन्न भारतीय भाषाओं के पाठ्यक्रम भी निर्धारित किये। डॉ रामकुमार वर्मा ट्रस्ट की अध्यक्ष डॉ राजलक्ष्मी वर्मा ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व का संक्षिप्त परिचय दिया। उन्होंने कहा कि प्रयागराज वर्मा जी की कर्मभूमि रही है।

# मुक्त विश्वविद्यालय ने आंगनबाड़ी में किया स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम

## स्वच्छता अभियान के समापन पर कुलपति आज करेंगे स्वच्छता कर्मियों को सम्मानित

प्रयागराज(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में एक पखवाड़े से चले आ रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान का समापन कल 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर यमुना परिसर स्थित सामुदायिक केंद्र में किया जाएगा। इसी कड़ी में आज महिला अध्ययन विस्तारित गतिविधि ा केंद्र के तत्वावधान में विज्ञान विद्या शाखा द्वारा गोद लिए गांव गोहरी की 9 भिन्न–भिन्न आंगनबाड़ियों में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती सीमा सत्यकाम ने आंगनबाड़ी केन्द्रों पर महिलाओं से साफ सफाई के साथ ही बीमारियों से बचाव के लिए स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की अपील की। उन्होंने केन्द्रों पर महिलाओं से उनकी शैक्षिक योग्यता के बारे में बातचीत की तथा उन्हें आगे पढने तथा शिक्षा से होने वाले महत्वपूर्ण लाभों के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक प्रोफेसर श्रुति ने वहां उपस्थित महिलाओं एवं बच्चों को स्वच्छता सामग्री, तौलिया, साबुन, नेल कटर एवं हैंड वॉश आदि का वितरण किया। विश्वविद्यालय द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन ग्रामीण महिलाओं एवं बच्चों के बीच स्वच्छता को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से आंगनबाड़ी में आयोजित किया गया। गोहरी गांव की 9 अलग–अलग आंगनबाड़ियों को तीन अलग–अलग समूह में बांटा गया। जिसका समन्वय प्रोफेसर श्रुति, डॉ आनंदानंद त्रिपाठी एवं डॉ त्रिविक्रम तिवारी ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों की टीम के साथ किया।

# श्री कटरा रामलीला कमेटी में राम कथा का मंचन आज से

प्रयागराज(आरएनएस)। श्री कटरा राम लीला कमेटी द्वारा श्री राम लीला प्रांगण (कर्नल गंज, इण्डियन प्रेस चौराहे के पास) आयोजित होने वाली ध्वनि एवं प्रकाश पर 12 दिवसीय आधारित सम्पूर्ण रामकथा का चित्रण (ऐतिहासिक राम लीला का मंचन) 2 अक्तूबर को सायं 7रू00 बजे से प्रारम्भ होना है। प्रथम दिवस के मंचन मे संजय चौधरी, चक्की बच्चन, राहुल कुमार के निर्देशन मे रावण जन्म एवं आतंक का साम्राज्य का मंचन होना हैं।इस अवसर पर श्री राम लीला कमेटी के अध्यक्ष सुधीर गुप्ता कुक्कू, महामंत्री उमेश चन्द्र केशरवानी, कोषाध्यक्ष अश्वनी केशरवनी, उपाध्यक्ष विनोद केशरवनी, आनन्द अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, मंत्री शिव बाबू गुप्ता, महेश गुप्ता, विपुल मित्तल, कार्यकारणी सदस्य दिलीप चौरसिया, मीडिया प्रभारी पवन प्रजापति आदि सदस्य उपस्थित रहेंगे।

# शास्त्रीय गायिका विदुषी कलापिनी की प्रस्तुति से मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

प्रयागराज। जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज, संगीत विभाग और स्पिक मैके के संयुक्त तत्वावधान में आज महाविद्यालय के रबींद्रालय सभागार में एक विशिष्ट व्याख्यान सह प्रदर्शन का आयोजन किया गया। जिसकी मुख्य अतिथि कलाकार ग्वालियर घराने की सुविख्यात गायिका, पं० कुमार गंधर्व की पुत्री एवं शिष्या विदुषी कलापिनी कोमकली थीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ कलाकारों व अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन तथा छात्राओं द्वारा मंगलाचरण व सरस्वती वंदना से हुआ. इसके बाद कलाकारों व अतिथियों के सम्मान के पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो० अशिमा घोष जी ने अपने स्वागत वक्तव्य में कहा कि यह एक ऐतिहासिक क्षण है और हम सभी बहुत लाभान्वित होंगे।

तत्पश्चात स्पिक मैके संस्था और विदुषी कलापिनी के संक्षिप्त परिचय के पश्चात कलापिनी का व्याख्यान सह गायन प्रारंभ हुआ। आपने अपनी कला और ज्ञान से सभागार में उपस्थित सभी श्रोताओं के हृदय पर एक अमिट छाप छोड़ी। सर्वप्रथम आपने राग भीमपलासी में मध्यलय रूपक ताल में सुनाया जिसके बोल थे, ष्इस जग में तुम बिन कौनष। तत्पश्चात आपने राग भीमपलासी में ही तराना सुनाकर श्रोताओं को मन्त्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद आपने राग मियां मल्हार में, ष्बोले रे पपियराष सुनाया।

आपके साथ तबला और हार्मोनियम पर क्रमशः पवन सेम और दीपक खसरावल ने सुंदर साथ दिया। व्याख्यान सह प्रदर्शन के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र में कलापिनी ने छात्राओं एवं शोधार्थियों की जिज्ञासाओं को भी अपने संतोषजनक उत्तरों से शांत किया।

कार्यक्रम में अतिथियों संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित प्रो० पं० प्रेम कुमार मल्लिक तथा स्पिक मैके संस्था की उत्तर प्रदेश प्रांत की समन्वयक डॉ० मधु रानी शुक्ला, आकाशवाणी के सेवानिवृत्त निदेशक लोकेश शुक्ला ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। साथ ही गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष प्रो० अशिम मुखर्जी, कोषाध्यक्ष श्री शंकर चौटर्जी, शिक्षक गण और छात्राएं आदि मौजूद रहे।

# गोकशी के आरोप में 3 नामजद और 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

प्रयागराज(आरएनएस)। प्रयागराज के एयरपोर्ट थाने में गोकशी के आरोप में तीन नामजद और 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। शिकायतकर्ता वंशिका गुप्ता की तहरीर पर एयरपोर्ट थाने में सोमवार को शमशाद, आरिफ, नूर अली के पुत्र नाम अज्ञात और 20 अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहित की धारा 131 और गौ हत्या निवारण अधि ानियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।

शिकायतकर्ता ने तहरीर में कहा है कि 30 सितंबर को सुबह पांच बजे गोकशी की सूचना मिलने पर बजरंग सेना गोरक्षा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष कृष्ण श्रीवास्तव और महामंत्री रितिक यादव भीटी गांव के पीछे नदी के पास पहुंचे। वंशिका का आरोप है कि कृष्ण श्रीवास्तव और रितिक यादव ने भीटी गांव के पीछे नदी के पास पहुंचकर देखा कि 15–20 लोग गोवंशों का वध कर उन्हें डिब्बों और बोरे में भरकर बेचने ले जा रहे हैं।

आरोपियों की नजर जैसे ही कृष्ण और रितिक पर पड़ी तो वे उन्हें जान से मारने के लिए दौड़े तथा दोनों किसी तरह जान बचाकर भागे। कृष्ण श्रीवास्तव की सूचना पर विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष (दक्षिण) अशोक सिंह चौहान विहिप कार्यकर्ताओं के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। तब तक एयरपोर्ट थाने का दल भी घटनास्थल पर पहुंच गया। प्राथमिकी के अनुसार, मौके पर गोवंश का मांस, खाल और खून मिला जिसकी वीडियोग्राफी की गई है।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा गोमांस और खाल के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं।

एयरपोर्ट थाने के प्रभारी अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार को कई जगह दबिश दी गई, लेकिन आरोपी फरार हैं। नमूने की रिपोर्ट आने के बाद ही गोहत्या की पुष्टि हो सकेगी।

# मोहम्मद साकिब का पहला शारदा यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट में क्वार्टर फाइनल में प्रवेश

प्रयागराज(आरएनएस)। शारदा यूनिवर्सिटी ग्रेटर नोएडा में अयोजित पहला शारदा यूनिवर्सिटी नेशनल रैंकिंग टूर्नामेंट में प्रयागराज के मोहम्मद साकिब ने उलटफेर करते हुए नीतीश गुरुकुले कर्नाटक को 2–0 से हराया और दूसरे राउंड में वरुण अग्रवाल उत्तर प्रदेश को 2–0 से पटकनी दी। क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला भारतीय रैंक खिलाड़ी संदीप जांगड़ा से होगा।

इलाहाबाद स्क्वैश रैकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष न्यायमूर्ति डी पी सिंह संरक्षक नवीन सिन्हा उपाध्यक्ष सतीश चतुवेर्दी और सचिव मोहम्मद साबिर ने बधाई दी।

# सद्भावना समाज से पनपती है– सर्व धर्मगुरु

प्रयागराज(आरएनएस)। बेथनी कॉन्वेंट विद्यालय के प्रांगण में आज गांधी जयंती के उपलक्ष्य पर सद्भावना दिवस का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। जिसमें सभी धर्म के धर्मगुरुओं संत डॉन बॉस्को चर्च के पल्ली पुरोहित फादर यूजीन मस्करेंहस, धर्म प्रांतीय विकास एवं कल्याण संस्थान के निदेशक फादर सेबेस्टियन फ्रांसिस, मदरसा विद्यालय के शिक्षक मौलाना कारी अब्दुल सलाम, हिंदू धर्म के धर्मगुरु स्वामी दिव्यानंद , सिख धर्म के धर्मगुरु ज्ञानी जसपाल सिंह को आमंत्रित किया गया। जिसका उद्देश्य सभी धर्म के बाल व युवा वर्ग के मध्य राष्ट्रीय एकता, शांति, सहानुभूति व सांप्रदायिक सद्भाव पर प्रकाश डालना था। दिवंगत महात्मा गांधी जी के श्रेष्ठ आदर्शों जैसे अहिंसात्मक विचार कार्य, धार्मिक एकीकरण व राष्ट्रीय सामंजस्य की प्रगाढ़ भावना को आत्मसात किया गया। जिसमें बेथनी कान्वेंट स्कूल की प्रधानाचार्या महोदया सिस्टर डॉ. शमिता द्वारा सभी अतिथि धर्म गुरुओं को सम्मानित किया गया तथा विभिन्न समुदाय के मध्य स्नेह सहयोग व भाईचारे की भावना के साथ–साथ धार्मिक व सामुदायिक समाज को बढ़ावा दिया गया। कार्यक्रम द्वारा प्रेरक जीवन मूल्यों जैसे– अहिंसा, शांति व भाईचारे की भावना पर बलाघात किया गया।

# श्री अन्न की खरीद खुद करेगी यूपी की योगी सरकार

प्रयागराज(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश की सरकार श्री अन्न की खेती के लिए निरंतर प्रोत्साहित कर रही है। उत्पादन के बाद अब सरकार मोटे अनाज की खरीद भी करने जा रही है। वर्ष 2024– 25 के लिए मोटे अनाजों की खरीद पहली अक्टूबर से प्रारंभ होगी, जो 31 दिसंबर तक चलेगी। प्रयागराज मंडल में इसके लिए शासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। प्रयागराज के संभागीय खाद्य विपणन नियंत्रक बीसी गौतम के मुताबिक मंडल में श्री अन्न की खरीद के लिए 27 क्रय केंद्र बनाए गए हैं। यहां एक अक्टूबर से खरीद शुरू हो जाएगी। इसमें प्रयागराज में 10, कौशांबी में 11 और 6 केंद्र बनाए गए हैं। मिलेट्स में बाजरा और ज्वार दोनो के लिए अलग से केंद्र बने है। मंडल में ज्वार के लिए कुल 16 और बाजरा के लिए 11 क्रय केंद्र बनाए गए हैं। मोटे अनाज में शामिल बाजरा व ज्वार की खरीद के लिए किसानों का पंजीकरण व नवीनीकरण चल रहा है।इसके लिए किसानों को वेबसाइट या ऐप किसान मित्र पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है।खरीद पंजीकृत किसानों से ही की जाएगी। किसानों की समस्या के निस्तारण के लिए टोल फ्री नंबर 18001800150 भी जारी किया गया है। इसके अलावा किसान जिला खाद्य विपणन अधिकारी, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी, विपणन निरीक्षक से भी अपनी समस्याएं बता सकते हैं। श्रीअन्न के उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ ही सरकार ने इसका न्यूनतम समर्थन मूल्य भी बढ़ाया है। मक्का का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2225 रुपये प्रति कुंतल, बाजरा का 2625 रुपये प्रति कुंतल, ज्वार (हाइब्रिड) का 3371 व ज्वार (मालवांडी) का 3421 रुपये प्रति कुंतल निध ारित किया गया है। श्री अन्न को प्रोत्साहित करने की नीति के चलते प्रदेश में मोटे अनाज का उत्पादन भी बढ़ रहा है। संभागीय खाद्य विपणन नियंत्रक बताते हैं कि वर्ष 2023 – 24 में प्रयागराज मंडल में 147.66 मीट्रिक टन मोटे अनाज की खरीद की गई जिससे 1364 श्री अन्न उत्पादक किसानों को इसका लाभ मिला। मंडल में 146.45 मीट्रिक टन बाजरे की खरीद हुई और इसकी खरीद से मंडल ने कुल 1344 श्री अन्न उत्पादक किसान लाभांवित हुए। इसी तरह ज्वार 1.21 मीट्रिक टन खरीद की है और इससे 20 किसान लाभांवित हुए।

# हास्य नाटक बिके हुए आदमी का शानदार मंचन

प्रयागराज(आरएनएस)। दिनेश भारती लिखित और वरिष्ठ रंगकर्मी शैलेश श्रीवास्तव निर्देशित हास्य व्यंग्य नाटक षबिके हुए आदमीष का मंचन स्थानीय रानी रेवती सरस्वती विद्या निकेतन इन्टर कॉलेज में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रसिद्ध समाजसेवी सरदार मल्कियत सिंह बाजवा ने की। मुख्य अतिथि इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रो.के.पी.सिंह एवं विशिष्ट आतिथि शिवकुमार पाल, शिव कुमार गुप्त, बांके बिहारी पाण्डेय तथा कवि– कलाकार रवीन्द्र कुशवाहा की उपस्थिति रही।

नाटक बिके हुए आदमी दहेज के लोभ में ससुराल में प्रताड़ित की जाने वाली बहुओं पर एक तीखा व्यंग्य था। जिसमें इस समस्या की तस्वीर को उल्टा करके दिखाया गया। जिसमें दहेज के लोभ में कम पढ़े दूल्हे को घर जमाई बना कर खूब सताया जाता है। बाद में पर्दा उठता यह सब दहेज लोभियों को सबक देने के लिए स्वांग किया गया था और समाज में शिक्षा को बढ़ावा देना ही दहेज का विरोध नाटक का मुख्य उद्देश्य रहा।

नाटक का सफल संयोजन वरिष्ठ रंगकर्मी सुबोध सिंह ने किया व भीखम की केन्द्रीय भूमिका निभाई। बंसी की भूमिका में सर्वेश प्रजापति ने हास्य और व्यंग्य के पंचेज डाले। आदित्य सिंह ने बिरजू, रति नाथ सिंहद्द ने गोसाई गाय वाले, सरगम लता, श्रीया सिंह और इशिता श्रीवास्तव, संजय यादव ने अपने अभिनय से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मंच निर्माण में अभिषेक सिंह ,रतिभान सिंह , आदित्य सिंह, वस्त्र विन्यास श्रीमती अर्चना शैलेश, शादमा खघतून, रुप सज्जा हामिद अंसारी, ध्वनि संचालन अर्पिता अग्रवाल, प्रकाश संचालन अनूप श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ।

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

sheelshukla100@gmail.com

# सी.एम.एस. छात्र को 76,000 अमेरिकी डॉलर की स्कॉलरशिप

लखनऊ, 1 अक्टूबर। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस के छात्र रोशन मूलचंदानी को उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ एरिजोना द्वारा 76,000 अमेरिकी डॉलर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। रोशन को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा की अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। सी.एम.



एस. छात्र ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। सी.एम.एस. प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सी.एम.एस. छात्र की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। सी.एम.एस. एस.ए.टी. (सैट) एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट (ए.पी.) टेस्ट सेन्टर भी है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है।प्रतिवर्ष भारी संख्या में सी.एम.एस. छात्र विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में उच्चशिक्षा हेतु चयनित होते हैं। इस वर्ष अभी तक सी.एम.एस. के 90 से अधिक छात्रों ने अमेरिका, इंग्लैण्ड, कैनडा, आस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, जर्मनी आदि विभिन्न देशों के ख्यातिप्राप्त विश्वविद्यालयों जैसे कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी, कैलीफोर्निया इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (कैलटेक), आदि में स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर लखनऊ का नाम रोशन किया है।

# 2 अक्टूबर गांधी जयंती अवसर पर सप्ताहिकी कार्यक्रम आयोजित

आज बी बी सिंह मेमोरियल सामुदायिक विकास संस्थान 92/35डी प्रतापगढ़ रोड फाफामऊ प्रयागराज 211013 उत्तर प्रदेश द्वारा मेरी वाना मेकर गर्ल्स इंटर कॉलेज कचहरी रोड प्रयागराज के प्रांगण में 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर साप्ताहिकी कार्यक्रम 25 सितंबर से 02 अक्टूबर तक का नशा उन्मूलन प्रचार प्रचार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि चारुल मिश्रा क्षेत्रीय मद्य निषेध अधिकारी विशिष्ट अतिथि श्री पवन कुमार पांडे यातायात निरीक्षक एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता प्रभारी तथा अध्यक्षता विद्यालय प्रधानाचार्या एस वाशिंगटन जी ने की कार्यक्रम का संचालन संस्थान सचिव श्री राम सिंह पटेल जी ने किया मनमोहक मैजिक शो का प्रदर्शन श्री धीरेंद्र सिंह एवं सहायक श्री राजेश गांधी रहे।छात्रा साक्षी यादव एवं छात्रा सना ने मुख्य अतिथि एवं विद्यालय प्रधानाचार्या का माल्यार्पण कर स्वागत किया सीईओ श्री अरविंद कुमार जी ने विशिष्ट अतिथि श्री पांडे जी का माल्यार्पण करके स्वागत किया। तदउपरांत संस्थान के स्मृति चिन्ह को मुख्य अतिथि विशिष्ट



अतिथि एवं विद्यालय प्रधानाचार्या को प्रदान कर पुनः स्वागत किया गया ट्रैफिक इंस्पेक्टर श्री पांडे जी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा नाश की जड़ होती है बालिकाएं भविष्य में दो परिवारों की जिम्मेदारी संभालती हैं जो नशा उन्मूलन में अत्यधिक सहयोग कर सकती हैं मद्य निषेध अधिकारी चारुल मिश्रा जी ने नशे से होने वाली क्षति एवं नशा कैसे छोड़ जाए इसके विषय में विभिन्न जानकारियां दी।श्री रमेश चंद्र पटेल संस्थान कोषाध्यक्ष, शिव कुमार मौर्य संस्थान विशेष सदस्य ने भी अपने–अपने विचार रखे विद्यालय प्रधानाचार्या ने अपने अध्यक्षणीय वक्तव्य में कहा सभी छात्राएं सुनिश्चित करें कि अपने परिवार एवं अपने आसपास रिश्तेदारों को प्रयास करेंगी कि नशा ना करें और नशे से दूर रहे इन्ही शब्दों के साथ अपने विद्यालय की सभी अध्यापिकाओं एवं विशेष सहयोगियों के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया साथ ही कार्यक्रम समापन की औपचारिकता पूर्ण की।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान का मुख्य उद्देश्य, कचरा मुक्त भारत का निर्माण

लखनऊ रूकौशल विकास एवं उद्यमशीलता भारत सरकार के जन शिक्षण संस्थान गोमती नगर, लखनऊ द्वारा स्वच्छ भारत मिशन की 10 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में भारत सरकार के निर्देश पर दिनांक 14 सितंबर से 1 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता ही सेवा विषय पर आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का समापन समारोह ग्राम दुर्जनपुर, बक्शी का तालाब स्थित सहारा वेल्फेयर फाऊंडेशन कौशल प्रशिक्षण केन्द्र पर आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता के रुप में समारोह को सम्बोधित करते हुए डॉ कीर्ति विक्रम सिंह, ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान का मुख्य उद्देश्य , कचरा मुक्त भारत का निर्माण ही है , साथ ही कहा कि स्वच्छता को बरकरार रखना सरकार की ही नहीं बल्कि हम सभी की जिम्मेदारी भी है। विडंबना है कि स्वच्छता का सीधा संबंध हमारी सेहत से होने के बाद भी हमारे समाज में इसके लिए चेतना नहीं आई है इसके लिए समाज के बुद्धिजीवी वर्ग को आगे आना चाहिए । स्वस्थ भारत मिशन के अनुदेशक सुमित कुमार ने कहा कि स्वच्छता और स्वास्थ्य दोनों एक दूसरे के पूरक है आत्मनिर्भर बनने के लिए हुनर के साथ ही अच्छा भी अति आवश्यक है। एकल विद्यालय के



राष्ट्रीय अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी ने कहा कि स्वभाव और संस्कार के जरिए से स्वच्छता को अपनाने की जरूरत है। सहारा वेल्फेयर फाऊंडेशन के पदाधिकारी गौरव शुक्ला ने स्वच्छता को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाए जाने पर बल दिया। इस अवसर पर लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई साथ ही स्वच्छता रैली भी निकाली गई। संस्थान के निदेशक अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा के अंर्तगत सभी प्रशिक्षण केन्द्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मलिन बस्तियों, पार्कों आदि में जनसामान्य को स्वच्छता का संदेश दिया गया। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत तीन मुख्य गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित किया गया। जिसमे पहला स्वच्छता में भागीदारी, जिसके अंर्तगत स्वच्छता प्रतिज्ञा, प्रतियोगिताएं, और वृक्षारोपण अभियान जैसी गतिविधियों के साथ नागरिकों, समुदायों और संगठनों को शामिल करना , दूसरा श्रमदान के माध्यम से संपूर्ण स्वच्छता के तहत नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों को लक्ष्य कर सामुदायिक भागीदारी के साथ मेगा स्वच्छता अभियान चलाया जाना तथा तीसरा सफाई मित्र सुरक्षा शिविर के तहत सफाई मित्रों के लिए स्वास्थ्य और कल्याण शिविर आयोजित करना था। समारोह के सहयोगी नेहरु युवा केंद्र के स्वयंसेवी भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे । कार्यक्रम का समन्वयन संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी पन्नालाल व संचालन सहारा वेल्फेयर फाऊंडेशन के समन्वयक बृजेश तिवारी ने किया। इस अवसर लगभग 100 व्यक्ति उपस्थित रहे।

# अभिषेक सिंह के हत्यारो की गिरफ्तारी सहित 21 सूत्रीय मांगो को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार विजय सिंह ने लिया

## नीलांश वाटर पार्क को सीलकर सीबीआई जांच करने की मांग

लखनऊ बीकेटीगोमती नदी और किसानो की जमीन पर किए गए अवैध कब्जे सहित जन समस्याओं को लेकर लगातार आवाज उठा रहे समाजसेवी दीपक शुक्ला तिरंगा महाराज के नेतृत्व में तहसील बीकेटी में धरना प्रदर्शन किया गया और 21 सूत्री मांगों को लेकर तहसीलदार विजय सिंह को ज्ञापन दिया गया। तिरंगा महाराज ने कहा प्रशासन अगर जल्द से जल्द अपराधियों को गिरफ्तार नहीं करता है तो हम जन आंदोलन करेंगे जिसके समस्त जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। भाजपा कार्यकर्ता के भाई की 10 महीने पूर्व हत्या कर दी गई थी हर दर पर गुहार लगाने के बाद भी अभी तक हत्यारो की गिरफ्तारी नहीं हो सकी तो पीड़ित परिवार न्याय की उम्मीद लेकर समाजसेवी तिरंगा महाराज के पास पहुंचा और न्याय की गुहार लगाई । जिस संबंध में सोमवार को तिरंगा महाराज सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ तहसील पहुंचकर धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री जी को संबोधित ज्ञापन सौंपा महाराज ने बतायाभाजपा कार्यकर्ता धीरेंद्र सिंह के छोटे भाई को अगवा कर हत्या कर दी गई थी । अभिषेक सिंह की डेड बॉडी 15–1–2024 पारापुलिया बेहटा में मिली 16–1–2024 को थाना गुडम्बा में धारा 302 के तहत 6 नामजद लोगों पर पित कराई गयी!

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में 5 गहरी चोटों के साथ कोमा में जाने के पश्चात मृत्यु होना पाया गया! परंतु नाम दर्द रिपोर्ट होने के बाद अभी तक पुलिस हाथ पैर हाथ धीरे बैठी हुई है और अपराधियों को गिरफ्तार नहीं कर पाई 10 महीने हो रहे कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई, बार बार अफसर अधिकारियों द्वारा इधर उधर दौड़ाया गया, मैं विवेचना स्थान्नतरण हेतु क्ळच ऑफिस गया जहा से ब्व साहब को जांच ट्रांसफर हुई और मामला ठंडा हो गया!मैं पुनः ब्व साहब के यहाँ जब गया तो वहां से क्ब्व नार्थ और फिर वहां से ।ब्व गाजीपुर भेज दिया गया! अपराधी खुलेआम घूम रहे परन्तु उनपर कोई कार्यवाही नहीं हुई!देखने वाली बात होगी पुलिस प्रशासन अपराधियों को कितनी जल्दी गिरफ्तार करता है या मामला फिर ठंडे बस्ते में जाएगा। नदी में बनाकर नीलांश वाटर पार्क ने कर लिया किसानों और नदी की जमीन पर कब्जा नदी की धारा बदलने से सैकड़ो किसान हुए बर्बाद तिरंगा महाराज ने नीलांश वाटर पार्क को सील कर सीबीआई जांच की मांग की और पीड़ित किसानों को न्याय की मांग की




# 14वें स्थापना दिवस का भव्य समारोहपूर्ण आयोजन

सुलतानपुर(आरएनएस)। रवनिया सुलतानपुर में स्थित पंडित राम केदार राम किशोर त्रिपाठी पीजी




कालेज का स्थापना दिवस माँ सरस्वती के पूजन के साथ शुरू हुआ। समाज के लिए सन्देश देने वाले छात्राओं की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोहा। इस अवसर पर पीजी कॉलेज के प्रबंधक पूर्व एम.एल.सी पूर्व मंत्री डॉ ओमप्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि क्षेत्र के युवाओं को बालिकाओं को उच्च शिक्षा से जोड़ कर उनकी प्रतिभाओं को निखारने के उदेश्य से आज से 14वर्ष पूर्व पंडित राम केदार, राम किशोर त्रिपाठी पीजी कालेज की स्थापना की गईं थीं। इस अवसर पर सैकड़ों क्षेत्रवासी और विद्वतजन उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय रामायण प्रतिष्ठा महोत्सव में उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत व अन्य

अयोध्या(आरएनएस)। इंटरनेशनल ह्यूमेन राइट्स एन्ड क्राइम कंट्रोल काउन्सिल की ओर से आयोजित अंतर्राष्ट्रीय रामायण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ बड़े ही शानदार और भव्य तरीके से अयोध्या नगरी के एक होटल में शुरू हुआ। संस्था के चीफ डॉक्टर वीपी सिंह ने सबसे पहले आए हुए कवियों का सम्मान किया। जिसके बाद कवियों ने श्रीरामलला को एक से बढ़ कर एक रचनाएं समर्पित की। अपने सुन्दर काव्य पाठ से अंतर्राष्ट्रीय रामायण प्रतिष्ठा महोत्सव में गजेंद्र प्रियांशु, अमन अक्षर, शशि श्रेया, इंस्पेक्टर धर्मराज उपाध्याय, दमदार बनारसी, जित्तू भईया, ऋचा सिंह जैसे प्रतिष्ठित कवियों ने अपनी भावभीनी और मंगल कविता पाठ से वातावरण को भक्तिमय तो किया ही साथ ही राममय भी कर दिया। महोत्सव में उस समय और चार चाँद लग गए जब दिल्ली से आये राम दरबार के कलाकरो ने भव्य और दिव्य झांकी प्रस्तुत की। हरिद्वार से आये जूना अखाड़े के गुरु मां कंचन जी महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी रामेश्वरानंद सरस्वती, दूधेश्वर पीठाधीश्वर महंत नारायण गिरी, महामडलेश्वर स्वामी विद्या चौतन्य गिरी, आचार्य राकेश गिरी महाराज, श्री श्री 1008 मोरारी दास महाराज, अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू सेना के राष्ट्रीय के उपाध्यक्ष योगगुरु स्वामी संतोषानंद जी महाराज, महंत कृष्णदास जी महाराज ने भगवान श्री राम के जीवन के बारे में अपने विस्तृत विचार और ज्ञान प्रस्तुत किया। जिसके बाद रामायण प्रतिष्ठा महोत्सव में आपसी सद्भाव और उन्नति को बढ़ने के लिए गहन चिंतन किया गया। साथ ही देश को किस तरह से और मजबूत किया जाए, हमारा मानसिक और बौद्धिक विकास किस तरह किया जाये इस पर भी विचार विमर्श किया गया।

# अस्त्र शस्त्र उठाने में भी कुशलता हासिल करनी होगी तीरथ सिंह रावत

अयोध्या पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता तीरथ सिंह रावत ने अपने सम्बोधन में कहा कि डॉ वीपी सिंह की जितनी तारीफ की जाए वह कम है। उन्होंने विदेशों में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया है। कुछ लोग तो अपने देश में भी तिरंगा हाथ में उठाने से डरते हैं। कहा कि आज देश में जरुरत है कि हम लोग भी अस्त्र शस्त्र उठाने में भी कुशलता हासिल करें। कहा कि कार्यक्रम में आकर बहुत खुशी हुई। बड़े बड़े संत आये हुए हैं उनका आशीर्वाद मुझे पहले भी मिलता रहा है आज भी मिल रहा है। आने वाला समय हमारे देश का होगा। आज प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हमारा देश आगे बढ़ रहा है और हम विकसित बनने की और कदम बढ़ा चुके है। आयोजक डॉ वीपी सिंह ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय रामायण प्रतिष्ठा महोत्सव को आयोजित करने का हमारा सिर्फ एक ही मकसद है कि हम रामायण की जानकारियां, रामायण का ज्ञान, रामायण की बातें जन जन तक कैसे पहुंचाएं। और भगवान श्री राम के आदर्शों को किस तरह से हम आज के नौजवान युवा पीढ़ी के सामने प्रस्तुत करें। कहा कि अंतर्राष्ट्रीय रामायण प्रतिष्ठा महोत्सव न सिर्फ एक कार्यक्रम है बल्कि यह देश के जन–जन की आवाज बनकर आने वाले समय में अब आगे भी इसी तरह जारी रहेगा।

# शराब के सेल्समैन पर जानलेवा हमला करने के मुख्य आरोपित को मिली जमानत

अयोध्या(आरएनएस)। महाराजगंज क्षेत्र में शराब लेने एवं पैसा मांगने पर सेल्समैन संदीप पाल पर लाठी डंडा से जानलेवा हमला करने के मामले में जेल में निरूद्ध मुख्य आरोपित भूपेन्द्र सिंह उर्फ कालिया की जमानत प्रार्थना पत्र सुनवाई के पश्चात स्वीकार हो गयी है। यह आदेश तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार दूबे ने के सम्पूर्ण तथ्य एवं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए दिया है। यह मामला थाना महाराजगंज स्थित एक शराब के ठेके का है। आरोपित पक्ष से वरिष्ठ अधिवक्ता रजनीश कुमार सिंह व दिनेश कमार सिंह ने पैरवी किया। तर्क दिया कि वह निर्दोष है। वादी ने उसे रंजिशन फर्जी फसाया है। प्रथम सूचना रिर्पोट 18 घंटे विलम्ब से दर्ज करायी गयी है घटना का कोई स्वतंत्र गवाह नही है। प्रस्तुत प्रकरण में सात वर्ष से कम की सजा का प्राविधान है। उसे जमानत पर रिहा करने की याचिका किया है। अभियोजन पक्ष के मुताबिक 21 अगस्त 2024 की रात्रि 9 बजे संदीप पाल पुत्र राम सजीवन निवासी मलखानपुर थाना महाराजगंज एक शराब का सेल्समैन है। उस दिन वह शराब के ठेके पर मौजूद था तभी भूपेन्द्र सिंह उर्फ कालिया के साथ चार–पांच लोग शराब लेने आये। शराब लेने के बाद जब वह जाने लगे तो सेल्समैन ने पैसा मांगा इतने में वह सब भड़क गये और दूकान में घुसकर उसे अपशब्द कहते हुए लाठी, डंडा से हमला कर दिया।

# युवाओं को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए: डॉ.आरके मिश्रा

सुल्तानपुर(आरएनएस)। एक अक्टूबर राष्ट्रीय स्वैक्षिक रक्तदान दिवस पर ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर और संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इस अवसर पर विभिन्न समाजसेवी संगठनों के द्वारा रक्तदान करवाया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब, शियाने–ए–हैदर कोर्रार



वेलफेयर एसोसिएशन, घर सुलतानपुर फाउंडेशन, गायत्री परिवार, गनपत सहाय पीजी कालेज केएनएसएस विद्यार्थी के लोगो द्वारा रक्तदान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लड बैंक प्रभारी डॉ.आर के मिश्रा द्वारा किया गया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.एस के गोयल द्वारा रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया, इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिक्षक डॉ.एसके गोयल ने कहाकि आपके रक्त से किसी को जीवन मिल जाए तो इससे बडाध और कोई भी पुनीत कार्य नही है, वही प्रभारी ब्लड बैंक डॉ.आरके मिश्रा ने कहाकि युवाओं को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। इसे एक अभियान के रूप में चलाना चाहिए, उक्त अवसर पर पैथोलॉजिस्ट डॉ. संजय सिंह, गनपत सहाय पी जी कालेज के एनएसएस कॉर्डिनेटर डॉ. आलोक तिवारी कॉलेज के विद्यार्थी, काउंसलर अनुराग पाण्डेय, फार्मासिस्ट अनुराग गुप्ता, लैब टेक्नीशियन विजय चन्द्र चौधरी, धर्मेन्द्र कुमार यादव उपस्थित रहे।

# भदरसा गैंगरेप से साबित होता है कि भाजपा मुस्लिम विरोधी – अवधेश प्रसाद

अयोध्या(आरएनएस)। सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने भाजपा सरकार पर बड़ा हमला बोला है। मंगलवार को सपा कार्यालय में प्रेसवार्ता आयोजित कर कहा कि डीएनए रिपोर्ट से साबित हो गया कि भाजपा सरकार मुस्लिम विरोधी है। सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि अयोध्या के भदरसा गैंग रेप को लेकर सपा नेता मोईद खान को चर्चा में लाया गया। सरकार की तरफ से मोईद खान, मोइद खान बोला गया। सारी बातें अब साफ हो गई हैं। डीएनए रिपोर्ट में मोईद खान पॉजिटिव नहीं हैं। उन्होंने रेप नहीं किया था। उसे मुस्लिम होने के कारण फर्जी फंसाया गया। प्रेसकांफ्रेन्स में सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि हमारे नेता अखिलेश यादव को पहले से ही शंका थी कि वह इतनी ज्यादा उम्र का है। वह कैसे ये काम कर सकता है। मुस्लिम के नाम पर भाजपा बदनाम करना चाहती है।सांसद ने कहा कि अगर उच्च न्यायालय रिपोर्ट न मांगती तो यह रिपोर्ट प्रकाशित न होती। पूरे उत्तर प्रदेश में ही नहीं पूरे देश में यह संदेश गया है कि भाजपा सरकार पूरी तरह से मुस्लिम विरोधी सरकार है। दलित, ओबीसी विरोधी सरकार है। संविधान विरोधी सरकार है।आरक्षण विरोधी सरकार है। यह मैसेज पूरे प्रदेश में गया है और इस मैसेज से 2027 में जब चुनाव होगा तो भाजपा का सफाया हो जाएगा। पत्रकार वार्ता में सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि वे एक जन चेतना यात्रा निकालेगें। जिसका नारा होगा 'खेती बचाओ सांड भगाओ'। ये जन चेतना यात्रा समाजवादी पार्टी के तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा। पत्रकार वार्ता के दौरान सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव सपा नेता अनूप सिंह, प्रवक्ता बलराम यादव आदि मौजूद रहे।

# भाकियू ने खण्ड विकास अधिकारी सोहावल को सौंपा ज्ञापन

सोहवाल–अयोध्या(आरएनएस) ।मंगलवार भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक पंचायत की बैठक सोहावल ब्लाक में की गयी। जिसमें छह बिंदु का ज्ञापन खण्ड विकास अधिकारी सोहावल अनुपम वर्मा को सौंपा। पंचायत के अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष राम अभिलाष यादव ने किया पंचायत का संचालन वरिष्ठ प्रदेश सचिव फरीद अहमद ने किया। खण्ड विकास अधिकारी सोहावल के साथ पंचायत में बैठकर बिंदुवार चर्चा की गयी ।जिसमें कहा कि क्षेत्र में छुट्टा हिंसक सांडों और आवारा पशु से क्षेत्र के किसान परेशान हैं। रोड पर आए दिन ग्रामीण दुर्घटना का शिकार हो रहे है। सरकार के मंसूबे पर प्रशासन के लोग पानी फेर रहे हैं इनको पकड़ कर गौशाला भेजवाया जाए। मोइया कपूरपुर में एस एल डब्लू की योजना में लगभग 50 लाख रुपए आए थे। ग्रामीणों को कहना है कि पयासी के पूर्वा आदि मजरों में पूर्ण रूप से कहीं काम नहीं दिखाई पड़ा। जिसकी जांच विकास कार्य करवाया जाए ।2012 की बीपीएल सूची को निरस्त कर हर ग्राम सभा में डोर टू डोर जांच कर कर पात्र व्यक्तियों को आवास दिलाया जाए। रुकी हुई वृद्ध विधवा विकलांग पेंशन ग्राम सभा में चौपाल लगाकर केवाईसी कराकर चालू कराई जाए ।करेरु ग्राम सभा में अमर नाथ पुत्र बाबू लाल के मोहल्ले में नाली ना होने से जल भराव है गंदा पानी इकट्ठा हुआ है डेंगू और मलेरिया का प्रकोप बढ़ सकता है। जल निकासी कराई जाए। हफ्ते में एक दिन ग्राम पंचायत सेक्रेटरी को पंचायत भवन में बैठाया जाए जिससे ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण हो सके।खण्ड विकास अधिकारी अनुपम वर्मा किसान पंचायत में बैठकर किसानों को विश्वास दिलाया और कहा कि सरकार की सुविधा को हम पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाएंगे। ग्राम पंचायत सेक्रेटरी का शेड्यूल बनवा कर दिया और हफ्ते में एक दिन हर गांव में ग्राम पंचायत सेक्रेटरी बैठेंगे। जिससे ग्राम वासियों की समस्याओं को सुनकर निसारण करेंगे। पंचायत में प्रमुख रूप से राकेश वर्मा जगदंबा वर्मा जवाहरलाल तिवारी राजू निषाद महिला महासचिव आसमा बेगम लालमति लाजवती राजरानी प्रभावती गुड़िया सहित किसान यूनियन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र


# ट्रंप–हैरिस के बाद अब बारी दोनों के डिप्टी की, जेडी वेंस और टिम वाल्ज के बीच पहली डिबेट

सीबीएस न्यूज के अनुसार, नेटवर्क ने मुख्य रूप से मिनेसोटा के गवर्नर टिमवाल्ज और ओहियो के सीनेटर जेडी वेंस को चार तारीखों का प्रस्ताव दिया था। जिसके बाद 1 अक्टूबर की तारीख को अंतिम रूप दिया गया। रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक पार्टियों के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जेडी वेंस और टिम वाल्ज के बीच 1 अक्टूबर यानी आज पहले एक मात्र फेस ऑफ मुकाबला होगा। डोनाल्ड ट्रम्प और अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के बीच 10 सितंबर को हुए दिलचस्प डिबेट के बाद अब भारी दोनों नेताओं के डिप्टी की है। सीबीएस न्यूज के अनुसार, नेटवर्क ने मुख्य रूप से मिनेसोटा के गवर्नर टिमवाल्ज और ओहियो के सीनेटर जेडी वेंस को चार तारीखों का प्रस्ताव दिया था। 14 अगस्त को टिम वाल्ज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट किया था जिसमें लिखा था, श्1 अक्टूबर को मिलते हैं, जेडीश। यूएसए टुडे के अनुसार, रिपब्लिकन उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जेडी वेंस ने तुरंत प्रस्ताव स्वीकार कर लिया और सीबीएस नेटवर्क ने भी घोषणा की कि बहस 1 अक्टूबर को होगी। 90 मिनट की बहस मंगलवार, 1 अक्टूबर को रात 9 बजे ईटी पर शुरू होने वाली है।



# नीदरलैंड के पूर्व पीएम मार्क रूट को सौंपी गई कमान, बताया क्या रहेगी NATO की 3 प्राथमिकताएं



रुटे ने कहा कि यहां आना और नाटो महासचिव का पद संभालना एक बड़ा सम्मान है। महासचिव रुटे ने गठबंधन के लिए अपनी तीन प्राथमिकताओं को रेखांकित किया।मार्क रुटे ने नाटो महासचिव के रूप में पदभार ग्रहण किया। ब्रुसेल्स में नाटो मुख्यालय में उनका स्वागत निवर्तमान महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने किया। आने वाले वर्षों में गठबंधन का मार्गदर्शन करने की जिम्मेदारी सौंपने के लिए मित्र राष्ट्रों को ध न्यवाद देने से पहले रुटे ने कहा कि यहां आना और नाटो महासचिव का पद संभालना एक बड़ा सम्मान है। महासचिव रुटे ने गठबंधन के लिए अपनी तीन प्राथमिकताओं को रेखांकित किया। 1. नाटो को मजबूत रखना है और यह सुनिश्चित करना है कि हमारी सुरक्षा सभी खतरों के खिलाफ प्रभावी और विश्वसनीय बनी रहे।2. यूक्रेन के लिए अपना समर्थन बढ़ाना और उसे नाटो के और करीब लाना है। उन्होंने कहा कि एक मजबूत, स्वतंत्र यूक्रेन के बिना यूरोप में कोई स्थायी सुरक्षा नहीं हो सकती है।3. हमारी साझेदारी को मजबूत करना हैनाटो क्या है और कैसे अस्तित्व में आया1948 में बर्लिन की नाकेबंदी की घटना ने अमेरिका के डर को बढ़ा दिया। उसे लगा कि सोवियत संघ से निपटने के लिए एकजुट होने का वक्त आ गया है। इसी क्रम में यह विचार किया जाने लगा कि एक ऐसा संगठन बनाया जाए जिसकी संयुक्त सेनाएं अपने सदस्य देशों की रक्षा कर सके। 4 अप्रैल 1949 को ब्रिटेन, फ्रांस, बेल्जियम, नीदरलैण्ड तथा लक्सेमबर्ग ने बूसेल्स की संधि पर हस्ताक्षर किए। इसका उद्देश्य सामूहिक सैनिक सहायता व सामाजिक–आर्थिक सहयोग था। ये पूंजीवादी देशों की सोवियत विस्तार को चुनौती देने के लिए बना सैन्य संगठन था। इन देशों ने एक दूसरे को एक वादा किया है। कैसा वादा– एक दूसरे को खतरे की स्थिति में सहायता देने का वादा यानी सामूहिक सुरक्षा का वादा। किसी एक देश पर हमला तो माना जाएगा सबके सब देशों पर हमला। कौन कौन देश इसमें शामिल अलबानिया, बेल्जियम, बुल्गारिया, कनाडा, क्रोएशिया, चेक गणराज्य, डेनमार्क, एस्तोनिया, फ्रान्स, जर्मनी, यूनान, हंगरी, आइसलैण्ड, इटली, लातविया, लिथुआनिया, लक्जमबर्ग, नीदरलैंड, नॉर्वे, पोलैंड, पुर्तगाल, रोमानिया, स्लोवाकिया, स्लोवेनिया, स्पेन, तुर्की, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका, मॉन्टिनीग्रोस्टोलटेनबर्ग ने 2014 मेंसंभाला था पदभारनाटो के 13वें महासचिव स्टोलटेनबर्ग ने 2014 में पदभार संभाला था। रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण के 1,000 दिन पूरे होने के साथ ही रूट नाटो के शीर्ष असैन्य अधिकारी बन गए हैं। पदभार ग्रहण करने के बाद, अपने पहले संबोधन में उन्होंने कहा कि एक मजबूत, स्वतंत्र यूक्रेन के बिना यूरोप में कोई स्थायी सुरक्षा नहीं हो सकती है। उन्होंने 32 सदस्यीय संगठन के नेताओं द्वारा 2008 में जताई गई इस प्रतिबद्धता को दोहराया कि यूक्रेन का सही स्थान नाटो में है।

# इजरायल पहुंचा यूएस का गोला–बारूद, हमास में मची भगदड़, ईरान की भूमिका के बारे में कहा– कोई जानकारी नहीं



ईरान के शीर्ष अधिकारी अयातुल्ला अली खामेनेई ने स्पष्ट किया कि तेहरान हमास के हमले में शामिल नहीं था, हालांकि उन्होंने इजराइल को नुकसान पहुंचाने वालों के प्रति समर्थन व्यक्त किया। इजराइल–हमास युद्ध में मरने वालों की कुल संख्या 3000 का आंकड़ा पार कर गई है और फिलिस्तीन की तुलना में इजराइल में अधिक मौतें हुई हैं। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई वैश्विक नेताओं ने समर्थन की पेशकश करने के लिए इजरायल के प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बात की। कॉल के बाद पीएम मोदी ने कहा कि भारत श्आतंकवाद के सभी रूपों की निंदा करता है। राष्ट्रपति जो बाइडेन ने हमास के हमलों की निंदा करते हुए इसे सरासर दुष्ट कृत्य बताया। राज्य सचिव एंटनी ब्लिंकन एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए गुरुवार को इजराइल का दौरा करने वाले हैं इस बीच, ईरान के शीर्ष अधिकारी अयातुल्ला अली खामेनेई ने स्पष्ट किया कि तेहरान हमास के हमले में शामिल नहीं था, हालांकि उन्होंने इजराइल को नुकसान पहुंचाने वालों के प्रति समर्थन व्यक्त किया। इसके अलावा, हार्वर्ड विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों ने छात्रों के फिलिस्तीन समर्थक बयान की आलोचना की है, जिसमें हिंसा में वृद्धि के लिए इजराइल के रंगभेदी शासन और दशकों के कब्जे को दोषी ठहराया गया है। संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीनी दूत ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र में एक संबोधन के दौरान गाजा पट्टी पर इजरायल की बमबारी और हमास–नियंत्रित फिलिस्तीनी क्षेत्र पर पूर्ण घेराबंदी को लागू करने की उसकी प्रतिज्ञा को नरसंहार से कम नहीं बताया। इस बीच, प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का गठबंधन शनिवार को शुरू हुए फिलिस्तीनी आतंकवादी हमले के बाद विपक्षी राजनेताओं के साथ एक आपातकालीन एकता सरकार बनाने पर सहमत हो गया है। इराकी–यमनी सशस्त्र समूहों ने हस्तक्षेप के खिलाफ अमेरिका को चेतावनी दी ईरान से संबद्ध इराकी और यमनी सशस्त्र समूहों ने धमकी दी है कि यदि संयुक्त राज्य अमेरिका गाजा में हमास के साथ संघर्ष में इजरायल का समर्थन करने के लिए हस्तक्षेप करता है तो मिसाइलों और ड्रोनों का उपयोग करके अमेरिकी हितों को निशाना बनाया जाएगा। यह चेतावनी तब आई है जब अमेरिका ने हमलों के प्रति इजराइल की प्रतिक्रिया के लिए मजबूत समर्थन व्यक्त किया है और इजराइल को अतिरिक्त हथियार देने की प्रतिबद्धता जताई है।

# पश्चिमी अफगानिस्तान में भूकंप के तेज झटके, 80 लोग घायल

जिंदा जन जिले में बुलडोजर से मैदान का मलबा हटाया जा रहा है ताकि एक कतार में कब्रें बनाई जा सकें। तालिबान ने बताया कि 20 गांव में कम से कम दो हजार मकान तबाह हो गए हैं। भूकंप प्रभावित क्षेत्र में बस एक सरकारी अस्पताल है। संयुक्त राष्ट्र के उप प्रवक्ता फरहान हक ने मंगलवार को कहा कि जिंदा जन भूकंप से सर्वाधिक प्रभावित हुआ, जहां 1,300 लोग मारे गए हैं और कम से कम 500 लोग लापता हैं।पश्चिमी अफगानिस्तान में बुधवार को सुबह 6.3 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप से कम से कम 80 लोग घायल हो गए हैं। इससे पहले शनिवार को इसी स्थान पर आए तेज भूकंप से 2,000 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी और गांव के गांव तबाह हो गए थे। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण ने बताया कि बुधवार को सुबह आए भूकंप का केन्द्र हेरात प्रांत की राजधानी हेरात से 28 किलोमीटर दूर बाहरी इलाके में जमीन के नीचे दस किलोमीटर की गहराई पर था। सूचना मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल वाहिद रायान ने बताया कि बुधवार को सुबह आए भूकंप में कम से कम 80 लोग घायल हो गए हैं, वहीं भूस्खलन से हेरात–तोरघोंदी राजमार्ग अवरुद्ध हो गया है। भूकंप से चाहाक गांव में 700 मकान जमींदोज हो गए।शनिवार को आए भूकंप में इन मकानों को नुकसान नहीं पहुंचा था। भूकंप से फिलहाल किसी के जान गंवाने की सूचना नहीं है क्योंकि यहां के सभी लोग शनिवार को भूकंप आने के बाद से शिविरों में रह रहे हैं। शनिवार को आए भूकंप का केन्द्र प्रांतीय राजधानी से 40 किलोमीटर उत्तर पश्चिम में था। उस भूकंप के बाद से इलाके में कई बार तेज झटके आ चुके हैं। तालिबानी अधिकारियों ने बताया कि शनिवार के भूकंप में पूरे हेरात में दो हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों लोग घायल हैं, लेकिन उन्होंने मृतकों और घायलों की सटीक संख्या के बारे में जानकारी नहीं दी। नायब रफी गांव में पहले लगभग 2,500 लोग रहते थे। लोगों ने बताया कि भूकंप के वक्त जो पुरुष काम के सिलसिले में बाहर गए थे उन्हें छोड़कर कोई भी जीवित नहीं बचा। लोग शवों को सामूहिक तौर पर दफनाने के लिए बड़ी कब्र खोदने के काम में लगे हैं। जिंदा जन जिले में बुलडोजर से मैदान का मलबा हटाया जा रहा है ताकि एक कतार में कब्रें बनाई जा सकें। तालिबान ने बताया कि 20 गांव में कम से कम दो हजार मकान तबाह हो गए हैं। भूकंप प्रभावित क्षेत्र में बस एक सरकारी अस्पताल है। संयुक्त राष्ट्र के उप प्रवक्ता फरहान हक ने मंगलवार को कहा कि जिंदा जन भूकंप से सर्वाधिक प्रभावित हुआ, जहां 1,300 लोग मारे गए हैं और कम से कम 500 लोग लापता हैं।



# रूस नहीं पा सका संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में स्थान

संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय संकट समूह के निदेशक रिचर्ड बोवान ने कहा, "मेरा मानना है कि रूसी इस बात से प्रसन्न होंगे कि वे संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों की अच्छी संख्या का समर्थन जुटाने में सफल रहे हैं और पश्चिम की लगातार आलोचनाओं के बावजूद संयुक्त राष्ट्र की प्रणाली में वे पूरी तरह से बहिष्कृत नहीं हैं।"रूस संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष मानवाधिकार इकाई में सीट पाने की कोशिश में नाकाम रहा है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में मंगलवार को इस सिलसिले में मतदान हुआ था। पिछले वर्ष यूक्रेन पर हमले के बाद रूस की सदस्यता समाप्त करने के लिए महासभा में मतदान हुआ था। बहरहाल मंगलवार के मतदान में पूर्वी यूरोपीय क्षेत्रीय समूह का प्रतिनिधित्व करने वाली दो सीटों के लिए रूस का मुकाबला अल्बानिया और बुल्गारिया से था। गोपनीय तरीके ये हुए मतदान में बुल्गारिया को 160, अल्बानिया को 123 और रूस को 83 वोट मिले। रूस ने दावा किया कि उसे बहुमत का समर्थन प्राप्त है और 83 मत उसे संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्यीय देशों में से आधे से भी कम देशों से प्राप्त हुए हैं, जो गौर करने वाली बात है। संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय संकट समूह के निदेशक रिचर्ड बोवान ने कहा, "मेरा मानना है कि रूसी इस बात से प्रसन्न होंगे कि वे संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों की अच्छी संख्या का समर्थन जुटाने में सफल रहे हैं और पश्चिम की लगातार आलोचनाओं के बावजूद संयुक्त राष्ट्र की प्रणाली में वे पूरी तरह से बहिष्कृत नहीं हैं।"

# जाकिर नाईक ने इस्लामाबाद से गाजा के लोगों को दिया ऐसा संदेश, सुनकर पाकिस्तान को भी लेबनान बना देगा इजरायल



इस्लामिक उपदेशक जाकिर नाईक ने फिर से इजरायल हमास युद्ध को लेकर भड़काऊ बयान दिया है। नाईक ने कहा कि गाजा के लोग इजरायल के खिलाफ जिहाद को जारी रखे हुए हैं। जाकिर नाईक ने कहा कि इजरायल के साथ सभी देशों को व्यापार बंद कर देने चाहिए। इस दौरान जाकिर ने साधु संतों को लेकर भी जहरीला बयान दिया है।

जब से हमास और इजरायल के बीच जंग चल रही है, तब से जाकिर नाईक मुसलमानों को भड़काने की कोशिश कर रहा है। वो लगातार विवादित बयान दे रहा है। पाकिस्तान में ही बैठकर जाकिर नाईक गोमांश और साधु–संतों को लेकर विवादित बयान दिया। अपने बयानों से हमेशा सुर्खियों में रहने वाला भारत का भगोड़ा जाकिर नाईक इन दिनों पाकिस्तान में है और वहां से लगातार जहरीले बयान दे रहा है। इस्लामिक उपदेशक जाकिर नाईक ने फिर से इजरायल हमास युद्ध को लेकर भड़काऊ बयान दिया है। नाईक ने कहा कि गाजा के लोग इजरायल के खिलाफ जिहाद को जारी रखे हुए हैं। जाकिर नाईक ने कहा कि इजरायल के साथ सभी देशों को व्यापार बंद कर देने चाहिए। इस दौरान जाकिर ने साधु संतों को लेकर भी जहरीला बयान दिया है। सोमवार को इस्लामाबाद एयरपोर्ट पर जाकिर नाईक के पहुंचने पर धार्मिक मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने उसका स्वागत किया। जाकिर नाईक को पाकिस्तान सरकार ने न्यौता दिया था। पाकिस्तान दौरे पर जाकिर नाईक करांची और लाहौर जैसे प्रमुख शहरों में इस्लामिक लेक्चर देगा। पाकिस्तान पहुंचने के बाद जाकिर ने गाजा के नागरिकों की प्रशंसा की है। जाकिर नाईक ने कहा कि गाजा के लोग इजरायल के खिलाफ अपने जिहाद को जारी रखें और अपनी पवित्र मस्जिद अल अक्सा के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। जाकिर नाइक अपने भड़काऊ भाषणों के लिए जाना जाता है और वर्तमान में 2016 के मनी लॉन्ड्रिंग मामले के तहत भारत सरकार की राष्ट्रीय जांच एजेंसी द्वारा वांछित है। उन पर अपने नफरत भरे भाषण से लोगों को भड़काने का भी आरोप है। नाइक पीसटीवी नाम से एक चौनल चलाता है, जो अपनी विवादास्पद प्रकृति के कारण पूरे भारत, बांग्लादेश और श्रीलंका में प्रतिबंधित है और इसके कारण उसे कनाडा और यूनाइटेड किंगडम में भी प्रवेश से वंचित कर दिया गया है।

# जेवीपी का भारत विरोधी रहा है इतिहास, नई सरकार के प्रमुख से जयशंकर करेंगे मुलाकात, क्या समझाएंगे दुश्मनी भूल दोस्ती में ही भलाई ?



श्रीलंका में चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद भारत के उच्चायुक्त संतोष झा दिसानायके से मुलाकात करने वाले पहले विदेशी राजनयिक थे। मार्क्सवादी राष्ट्रपति के तहत अपनी विदेश नीति में बदलाव के बारे में चिंताओं के बीच, विदेश मंत्री की श्रीलंका यात्रा भारत के लिए रणनीतिक रूप से स्थित हिंद महासागर पड़ोसी के लिए विकास सहायता प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण अवसर होगी।श्रीलंका में सत्ता परिवर्तन हुआ है। अनुरा कुमारा दिसानायके ने 23 सितंबर को नए राष्ट्रपति के तौर पर पदभार ग्रहण किया है। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर श्रीलंका की यात्रा पर जाने वाले हैं। पिछले महीने राष्ट्रपति चुनाव के बाद किसी भी विदेश मंत्री की उनकी कोलंबो यात्रा पहली होगी। जयशंकर की श्रीलंका यात्रा 4 अक्टूबर से शुरू होने वाली है। दिसानायके के सत्ता में आने के बाद भारत और श्रीलंका के संबंधों को आगे बढ़ाने के लिहाज से इसे बेहद अहम माना जा रहा है। श्रीलंका में चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद भारत के उच्चायुक्त संतोष झा दिसानायके से मुलाकात करने वाले पहले विदेशी राजनयिक थे। मार्क्सवादी राष्ट्रपति के तहत अपनी विदेश नीति में बदलाव के बारे में चिंताओं के बीच, विदेश मंत्री की श्रीलंका यात्रा भारत के लिए रणनीतिक रूप से स्थित हिंद महासागर पड़ोसी के लिए विकास सहायता प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण अवसर होगी। जयशंकर की श्रीलंका यात्रा के माध्यम से भारत सरकार पिछले 12 महीनों में दिसनायके तक अपनी पहुंच बढ़ाने की उम्मीद कर रही है, जिसमें उन्होंने इस साल की शुरुआत में नई दिल्ली का दौरा किया था। वहीं श्रीलंका में नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) गठबंधन की नयी सरकार बनने के बाद देश के अब तक के सबसे छोटे मंत्रिमंडल की पहली बैठक हुई, जिसमें सिर्फ तीन मंत्री शामिल हुए। राष्ट्रपति दिसानायके ने पिछले सप्ताह संसद भंग करने से पहले स्वयं सहित चार सदस्यों का मंत्रिमंडल गठित किया था। श्रीलंका की संसद के 225 सदस्यों को चुनने के लिए 14 नवंबर को संसदीय चुनाव होंगे।

# इजरायल में अब कुछ बड़ा करने वाला है इजरायल! लेबनान के पैजर अटैक के बाद iPhone ब्लास्ट का मंडराता खतरा

इजरायली प्रधानमंत्री के बयान को सुनकर जिस बात का अंदाजा लगाया जा रहा है, अगर वो बात सच हो गई तो 100 गुणा तबाही होगी। कुछ दिन पहले ही नेतन्याहू की एक वीडियो सामने आई थी। नसरल्लाह से पूछा मीडिल ईस्ट में इजरायल कहीं भी घुस सकता है। इस बार जो इजरायल ने कहा है उसने कई देशों को डरा दिया है। इजरायल अब जिस देश पर हमला कर सकता है उसके सर्वोच्च नेता ने हाल ही में भारत को लेकर विवादित बयान भी दिया था। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनई ने कहा है कि भारत में मुसलमानो का उत्पीड़न हो रहा है। लेकिन अब ईरान पर भी लेबनान जैसा खतरा मंडराता नजर आ रहा है। लेबनान में पेजर धमाके के बाद अब ईरान में आईफोन विस्फोट की आशंका जताई जाने लगी है। ईरान के पूर्व कम्युनिकेशन मंत्री और सांसद रेजा टैगिपुर ने यह चेतावनी दी। इजरायली प्रधानमंत्री के बयान को सुनकर जिस बात का अंदाजा लगाया जा रहा है, अगर वो बात सच हो गई तो 100 गुणा तबाही होगी। कुछ दिन पहले ही नेतन्याहू की एक वीडियो सामने आई थी। नेतन्याहू ने लेबनान की जनता से बात की और वहां के लोगों को समझाया की वो आतंकियों का साथ न दें। फिर कुछ देर बाद ही इजरायल ने लेबनान में घुसकर हिजबुल्लाह के ठिकानों को उड़ा दिया। अब तो इजरायल लेबनान पर जमीनी हमलें भी शुरू कर दिए हैं। लेकिन बेंजामिन नेतन्याहू ने दोबारा कैमरे पर आकर ईरान की जनता से बात की है। नेतन्याहू ने कहा कि ईरान की जनता से आज मैं सीधी बात करूंगा, बिना किसी फिल्टर के बात करूंगा। नेतन्याहू ने ईरान की जनता को जो बातें कहीं हैं, उसे सुनकर दुनिया की रूह कांप जाएगी। दुनियाभर के एक्सपर्ट्स का मानना है कि इजरायल अब अपने सबसे बड़े शिकार के पीछे लग गया है। नेतन्याहू के बयान के बाद ईरान की सेना ने अपने सुप्रीम लीडर खामनेई को किसी गुप्त स्थान पर छुपा दिया है।

# कनाडा की विदेश मंत्री ने एस जयशंकर के साथ की थी सीक्रेट मीटिंग, जानें किस बात पर हुई थी चर्चा ?



ब्रिटिश अखबार फाइनेंशियल टाइम्स ने स्थिति से परिचित लोगों का हवाला देते हुए रिपोर्ट दी। हालांकि न तो कनाडा और न ही भारत के विदेश मंत्रालय ने बैठक की पुष्टि की है। खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह की हत्या में भारत की संलिप्तता के कनाडा के आरोप पर दोनों देशों के बीच राजनयिक गतिरोध के बीच कनाडा की विदेश मंत्री मेलानी जोली ने कुछ दिन पहले वाशिंगटन में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ एक गुप्त बैठक की थी। ब्रिटिश अखबार फाइनेंशियल टाइम्स ने स्थिति से परिचित लोगों का हवाला देते हुए रिपोर्ट दी। हालांकि न तो कनाडा और न ही भारत के विदेश मंत्रालय ने बैठक की पुष्टि की है। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि कनाडाई सरकार नई दिल्ली के साथ तनावपूर्ण राजनयिक स्थिति को हल करने के प्रयास कर रही थी, ऐसी रिपोर्टों के बाद कि कनाडाई राजनयिकों को भारत छोड़ने की समय सीमा दी गई थी या उनकी राजनयिक प्रतिरक्षा खोने का जोखिम था। कनाडाई विदेश मंत्री ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि वे इस मुद्दे को निजी तौर पर सुलझाने की कोशिश कर रहे हैं। कनाडाई मंत्री ने भारत में राजनयिक कर्मचारियों को कम करने के नई दिल्ली के निर्देश के बाद कहा कि हम भारत सरकार के संपर्क में हैं. हम कनाडाई राजनयिकों की सुरक्षा को बहुत गंभीरता से लेते हैं, और हम निजी तौर पर बातचीत करना जारी रखेंगे क्योंकि हमें लगता है कि राजनयिक बातचीत तब सबसे अच्छी होती है जब वे निजी रहती हैं। कनाडा के सीटीवी न्यूज की एक हालिया रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि देश ने भारत से लगभग 30 राजनयिक स्टाफ सदस्यों को कुआलालंपुर या सिंगापुर में स्थानांतरित कर दिया है। ट्रूडो द्वारा 19 सितंबर को ब्रिटिश कोलंबिया में खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में संभावित भारतीय एजेंटों की संलिप्तता का आरोप लगाए जाने के बाद भारत और कनाडा के बीच संबंध खराब हो गए।

# हैदराबाद के क्यूरेटर के लिए दुआ करूंगा, यहां खेलना रावलपिंडी में खेलने जैसा लगा– रिजवान

रिजवान और एक अन्य शतकवीर अब्दुल्ला शफीक के बीच 176 रन की साझेदारी ने पाकिस्तान की जीत की नींव रखी। शफीक को फखर जमां की जगह टीम में लिया गया था और यह फैसला सही साबित हुआ। रिजवान ने कहा,''यह टीम प्रबंधन और कप्तान का फैसला था। सीनियर खिलाड़ी होने के नाते हम सलाह दे सकते हैं। पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान अपनी दुआओं में हैदराबाद के क्यूरेटर को हमेशा याद करेंगे, जिन्होंने यहां बल्लेबाजी के लिए अनुकूल विकेट तैयार किया जिससे उन्हें शतक बनाने और उनकी टीम को विश्व कप में श्रीलंका के खिलाफ सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल करने में मदद मिली। धार्मिक प्रवृत्ति के रिजवान ने 121 गेंद पर नाबाद 131 रन बनाए जिससे पाकिस्तान ने चार विकेट पर 345 रन बनाकर



विश्व कप में सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल करने का नया रिकॉर्ड बनाया। रिजवान ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा,'' मैं जब पहली बार इस मैदान पर उतरा तो उन्होंने (क्यूरेटर) मुझसे कहा 'रिजवान आपको इस मैदान पर दो शतक बनाने चाहिए।' मैं आज भी उनसे मिला। हम उनके लिए दुआ कर सकते हैं और आपको भी उनके लिए दुआ करनी चाहिए।'' पाकिस्तान की टीम दो सप्ताह तक हैदराबाद में रही और इस बीच उसने अपने दोनों मैच जीते। पाकिस्तानी टीम को यहां जिस तरह का समर्थन मिला उससे रिजवान को लगा जैसे वह रावलपिंडी में खेल रहे हों। रिजवान ने कहा,''मुझे ऐसा लगा जैसे मैं रावलपिंडी में मैच खेल रहा हूं। जिस तरह से आज (मंगलवार) दर्शकों ने अपना प्यार दिया और उन्होंने केवल मेरा ही नहीं पूरी टीम का समर्थन किया। वह श्रीलंका की टीम का भी समर्थन कर रहे थे। मुझे बहुत खुशी है कि हैदराबाद के दर्शकों ने क्रिकेट का समर्थन किया तथा दोनों टीम का हौसला बढ़ाया।'' रिजवान हैदराबाद के आथित्य सत्कार से अभिभूत थे। उन्होंने कहा,''यहां का आथित्य सत्कार आपने देखा होगा। हम जब हवाई अड्डे पर पहुंचे तो वहां जरूर किसी ने तस्वीरें ली होगी। जैसा मैंने पहले कहा कि मुझे ऐसा लग रहा था कि मैं रावलपिंडी के दर्शकों के सामने खेल रहा हूं। लाहौर का हमारा स्टेडियम बड़ा है और वहां बहुत सारे दर्शक आते हैं लेकिन आज ऐसा लगा जैसे पाकिस्तान रावलपिंडी में मैच खेल रहा है।'' रिजवान और एक अन्य शतकवीर अब्दुल्ला शफीक केबीच 176 रन की साझेदारी नेपाकिस्तान की जीत की नींव रखी। शफीक को फखर जमां की जगह टीम मेंलिया गया था और यह फैसला सही साबित हुआ। रिजवान ने कहा,''यह टीम प्रबंधन और कप्तान का फैसला था। सीनियर खिलाड़ी होने के नाते हम सलाह दे सकते हैं।

# हार्दिक पांड्या – किसी समय में खाने के लिए भी थे लाले, अब करोड़ों के हैं मालिक

हार्दिक भारतीय टीम के वो खिलाड़ी है जो भारतीय टीम के लिए मजबूत कड़ी साबित होते है। हार्दिक पांड्या बैटिंग, बॉलिंग से लेकर फिल्डिंग तक में माहिर है। धमाकेदार खेल के कारण हार्दिक पांड्या खिलाड़ियों से लेकर फैंस में काफी मशहूर है। टीम मैच में उनपर पूरा भरोसा करती है। मैदान पर हार्दिक आक्रामक खेल दिखाते हैं। भारतीय क्रिकेट टीम के धाकड़ खिलाड़ी हार्दिक पांड्या आज अपना 30वां जन्मदिन मना रहे है। हार्दिक आज किसी पहचान के मोहताज नहीं है। भारतीय टीम के ऑलराउंडर खिलाड़ी हार्दिक पर उनके फैंस आंख मूंद कर भरोसा करते है। उनके मैदान पर होने से टीम को और फैंस को मैच में बने रहने की पूरी उम्मीद लगी रहती है। हार्दिक भारतीय टीम के वो खिलाड़ी है जो भारतीय टीम के




लिए मजबूत कड़ी साबित होते है। हार्दिक पांड्या बैटिंग, बॉलिंग से लेकर फिल्डिंग तक में माहिर है। धमाकेदार खेल के कारण हार्दिक पांड्या खिलाड़ियों से लेकर फैंस में काफी मशहूर है। टीम मैच में उनपर पूरा भरोसा करती है। मैदान पर हार्दिक आक्रामक खेल दिखाते हैं मगर मैदान के बाहर बेहद खुशमिजाज और मस्ती भरे अंदाज में दिखते है। इसकी गवाही सोशल मीडिया पर उनकी फोटोज भी देती है। हालांकि आज के समय में हार्दिक पांड्या भली ही श्याम चाचा का चांद से गिरे रहते हैं लेकिन उनका सफर संघर्ष पूर्ण रहा है। हार्दिक पांड्या आज करोड़ों के मालिक है लेकिन किसी समय में वह बेहद खराब स्थिति से गुजर रहे थे। हार्दिक और कुणाल गली क्रिकेट खेलते थे। इसी बीच दोनों खिलाड़ियों पर भारत के पूर्व स्टार क्रिकेटर किरण मोरे की नजर पड़ी। किरण मोरे की बदौलत दोनों भाइयों को फ्री में कोचिंग मिली। उन्हें क्रिकेट अकादमी में शामिल किया गया जहां से दोनों की किस्मत चमक गई। इस अकादमी में जाने के बाद दोनों भाई आईपीएल में पहुंच सके। इसी अकादमी में खेलने के कारण आईपीएल जाने का रास्ता खुला और यहां से हार्दिक पांड्या भारतीय टीम के लिए खेलने पहुंचे। आज हार्दिक पांड्या विश्व की बेहतरीन ऑलराउंडर में जाने जाते है। वीजा रिपोर्ट्स की माने तो भारतीय टीम का यह शानदार ऑलराउंड आज 91 करोड रुपए की संपत्ति का मालिक है। हार्दिक पांड्या की ब्रांड वैल्यू बहुत अधिक है। वही जब आईपीएल टूर्नामेंट के पहले सीजन में ही उन्होंने गुजरात टाइटंस को विजई टीम बनाया तो उनकी हर तरफ तारीफ हुई साथ ही उनकी ब्रांड वैल्यू में भी इजाफा हुआ। वर्तमान में हार्दिक पांड्या बीसीसीआई के सी कैटेगरी के खिलाड़ी है और उन्हें सैलरी के तौर पर सालाना एक करोड रुपए मिलते हैं।

# अमलान की शतकीय पारी से इंग्लैंड ने बांग्लादेश को दिया 365 रन का लक्ष्य

एकदिवसीय मैचों में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रख बांग्लादेश के खिलाफ आक्रामक शतक जमाया जिससे इंग्लैंड ने मंगलवार को यहां एकदिवसीय विश्व कप में नौ विकेट पर 364 रन बनाए। डाविड मलान ने एकदिवसीय मैचों में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रख बांग्लादेश के खिलाफ आक्रामक शतक जमाया जिससे इंग्लैंड ने मंगलवार को यहां एकदिवसीय विश्व कप में नौ विकेट पर 364 रन बनाए। शुरुआती मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ लचर बल्लेबाजी प्रदर्शन के बाद इंग्लैंड ने मलान की शतकीय पारी और पूर्व कप्तान जो रूट (82) तथा सलामी बल्लेबाज जॉनी बेयरस-मलान ने 107 गेंद की पारी में 16 चौके और पांच छक्के लगाने के अलावा बेयरस्टॉ के साथ पहले विकेट के लिए 107 गेंद में 115 रन जोड़े। इस साझेदारी को बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन ने बेयरस्टॉ को आउट कर तोड़ा। बेयरस्टॉ ने 59 गेंद की अपनी पारी में आठ चौके लगाये। मलान को इसके बाद 68 गेंद की पारी में एक छक्का और आठ चौके जड़ने वाले रूट का अच्छा साथ मिला दोनों ने दूसरे विकेट के लिए महज 117 गेंद में 151 रन जोड़े। इंग्लैंड की टीम एक समय 400 रन की ओर बढ़ रही थी लेकिन बांग्लादेश के गेंदबाजों ने आखिरी ओवरों में अच्छी वापसी की। टीम ने आखिरी 12.4 ओवर में 98 रन के अंदर नौ विकेट चटकाये। बाये हाथ के तेज गेंदबाज शरीफुल इस्लाम (75 रन पर



तीन विकेट) ने अपने दूसरे स्पैल में धीमी गेंदों का शानदार मिश्रण किया। उन्हें दूसरे छोर से ऑफ स्पिनर महेदी हसन (71 रन पर चार विकेट) का अच्छा साथ मिला। जब तब मलान क्रीज पर थे तब तक बांग्लादेश के गेंदबाजों की एक ना चली। दक्षिण अफ्रीका में जन्मे इस बल्लेबाज ने महज 23वें वनडे में करियर का छठा शतक जड़ दिया। उन्होंने पिछली चार पारियों में 96, 127, 14 और 140 रन का स्कोर बनाया हैं। मलान ने अनुभवी मुस्ताफिजूर रहमान (बिना किसी सफलता के 70 रन) के खिलाफ दो छक्के जड़ कर अपने आक्रामक तेवर दिखाये। शाकिब ने बेयरस्टॉ को आउट कर टीम को बड़ी सफलता दिलायी लेकिन रूट ने क्रीज पर थोड़ा समय बिताने के बाद आक्रामक रुख अख्तियार कर मलान का बेहतरीन तरीके से साथ दिया। मलान ने इस दौरान बांग्लादेश के पिछले मैच के नायक मेहदी हसन मिराज के ओवर में लगातार गेंदों पर दो छक्के और दो चौके जड़कर रनगति को तेज की। मलान को लेग साइड का मजबूत खिलाड़ी माना जाता है लेकिन उन्होंने इस पारी में ऑफ साइड में ज्यादा चौके जड़े। नैसर्गिक शॉट खेलने के लिए जाने जाने वाले रूट ने भी इस दौरान रचनात्मक शॉट लगाये। उन्होंने मुस्ताफिजूर की गेंद पर शानदार रैंप शॉट की मदद से चार रन बटोरे। मलान और बड़ी पारी की ओर बढ़ रहे थे लेकिन महेदी की फिरकी को पढ़ने में नाकाम रहे और बोल्ड हो गये। रूट भी इसके बाद शरीफुल की ध ीमी गेंद पर मुस्ताफिजूर को कैच थमा बैठे।

# बुधवार को भारत बनाम अफगानिस्तान मैच, गिल की जगह टीम इंडिया में कौन होगा शामिल ?

दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में भारत वर्ल्ड कप का अपना दूसरा मुकाबला अफगानिस्तान के खिलाफ खेलेगा। इस मुकाबले में भारतीय टीम अपने टॉप क्रम में जरूर सुधार करना चाहेगी। बुधवार को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में भारत वर्ल्ड कप का अपना दूसरा मुकाबला अफगानिस्तान के खिलाफ खेलेगा। इस मुकाबले में भारतीय टीम अपने टॉप क्रम में जरूर सुधार करना चाहेगी। जबकि शुबमन गिल कमी टीम इंडिया को खल सकती है। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले मुकाबले में नहीं थे, जिसके बाद भारत का टॉप ऑर्डर प्रदर्शन करने में फेल रहा था। दूसरी तरफ अफगानिस्तान टीम पहला मैच गंवाने के बाद अब भारत के खिलाफ जीत कर वर्ल्ड कप में अपना जीत का खाता खोलना चाहेगी। बता दें कि, शुबमन गिल अभी भी डेंगू से लड़ रहे हैं। बीसीसीआई ने आधिकारिक बयान में पूरी तरह से स्पष्ट कर दिया है कि गिल अफगानिस्तान के खिलाफ मैच से भी बाहर रहेंगे। ऐसे में भारत को उनके विकल्प के तौर पर अन्य खिलाड़ी की तलाश है। वहीं ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले मुकाबले में गिल की जगह रोहित शर्मा के साथ ईशान किशन ने ओपनिंग की थी। लेकिन वो प्रदर्शन करने में नाकामयाब रहे थे। इसके




अलावा तीन टॉप ऑर्डर के बल्लेबाज विफल रहे थे। हालांकि, केएल राहुल और विराट कोहली ने टीम की स्थिति को संभाला और बेहतरीन जीत दिलाई थी। इसके अलावा श्रेयस अय्यर की जगह सूर्यकुमार यादव को इस मैच में मौका मिल सकता है। साथ ही कप्तान रोहित शर्मा अरुण जेटली स्टेडियम में स्पिन अटैक की जगह अतिरिक्त पेस अटैक को खिलाने पर तरजीह दे सकते हैं। इस कारण आर अश्विन की जगह मोहम्मद शमी को शामिल किया जा सकता है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत तीन स्पिनर के साथ मैदान में उतरा था। जिसमें स्पिनर्स ने बखूबी प्रदर्शन किया था। दिल्ली की पिच पर भारतीय पेसर ज्यादा बेहतरीन प्रदर्शन करते हैं। हालांकि, अगर मुकाबला अलग पिच पर खेला जाता है तो पिच धीमी रहती है इसलिए भारत अश्विन के साथ जा सकता है। दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग इलेवनभारत– रोहित शर्मा (कप्तान), ईशान किशन, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, हार्दिक पांड्या, रविंद्र जडेजा, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज। अफगानिस्तान– रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इब्राहिम जादरान, रहमत शाह, हशमतुल्लाह शाहीदी (कप्तान), नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद नबी, अजमतुल्लाह, राशिद खान, मुजीब उर रहमान, नवीन उल हक, फजलहक फारूकी।

# शुभमन गिल की जगह यशस्वी या रुतुराज को मिल सकता है मौका, चयन समिति लेगी जल्द फैसला

वर्ल्ड कप का नौवां मुकाबला भारत और अफगानिस्तान के बीच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। लेकिन उससे पहले भारतीय चयन समिति वर्ल्ड कप मैचों में शुबमन गिल की भागीदारी पर फैसला करने के लिए बैठक करेगी। बुध ावार को वर्ल्ड कप का नौवां मुकाबला भारत और अफगानिस्तान के बीच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। लेकिन उससे पहले भारतीय चयन समिति वर्ल्ड कप मैचों में शुबमन गिल की भागीदारी पर फैसला करने के लिए बैठक करेगी। दरअसल, शुबमन गिल को डेंगू हो गया है, जिसके बाद वो चेन्नई में खेले गए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले मुकाबले से बाहर हो गए थे। वहीं कहा जा रहा है कि, गिल की प्लेटलेट्स भी कम हो गई हैं। जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्तीय करना पड़ा था। फिलहाल वो अस्पताल से डिस्चार्ज हो चुके हैं लेकिन अभी भी कहा नहीं जा सकता है कि वो कब तक पूरी तरह से ठीक हो पाएंगे। जिस कारण उनके रिप्लेसमेंट को तैयार रखना है। इसके लिए चयन समिति टीम प्रबंधन के सात मिलकर इस पर चर्चा करेगी। अगर टीम अनुरोध करता है तो, यशस्वी जायसवाल या रुतुराज गायकवाड़ को बैकअप ओपनर के रूप में टीम में शामिल किया जा सकता है। बता दें कि, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले से पहले मीडिया में गिल के डेंगू से पीड़ित होने की खबरें आने लगी थी। वहीं गिल टीम के साथ दिल्ली नहीं आए वो चेन्नई में ही रुक गए थे। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक गिल को चेन्नई के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाना पड़ा। हालांकि, वो रात भर अस्पताल में रहे और सुबह होते ही होटल वापस आ गए। गुरुवार को फिर से स्थिति का आंकलन किया जाएगा। फिलहाल डेंगू के मरीज को पूरी तरह से स्वस्थ होने में लगभग 3 हफ्ते तक का समय लग सकता है। बोर्ड ने अपनी प्रेस रिलीज में भी मेंशन किया



था कि गिल सोमवार को टीम के साथ दिल्ली नहीं जाएंगे। सात ही इस रिलीज में कहा गया कि, सलामी बल्लेबाज शुबमन गिल चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी पुरुष क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 में टीम के पहले मैच से चूक गए थे। वह 11 अक्टूबर को दिल्ली में अफगानिस्तान के खिलाफ टीम के अगले मैच में भी नहीं खेलेंगे। वह चेन्नई में ही रुकेंगे और मेडिकल टीम की निगरानी में रहेंगे।

# अगर आप भी करते हैं विटामिन ई कैप्सूल का इस्तेमाल तो आज ही हो जाएं सावधान, हो सकते हैं ये बड़े नुकसान

आजकल लोग अपनी स्किन को सुंदर और जवां बनाने के लिए तरह–तरह के प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हैं. जिनमें से एक विटामिन ई की कैप्सूल भी हैं, जिसे लोग अपने चेहरे की सुंदरता बढ़ाने के लिए करते हैं. बता दें कि विटामिन ई के कैप्सूल में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो हमारी स्किन संबंध ी प्रॉब्लम्स को दूर करने में मदद करता है. इसमें कई तरह के एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं, जो फ्री रेडिकल्स से होने वाले स्किन डैमेज और स्किन को रिपेयर करती है. लेकिन क्या आप जानते हैं, जिसे आप अपने फायदे के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं, वहीं आपके स्किन को नुकसान भी पहुंचा सकते हैं. तो आइए यहां जानें विटामिन ई कैप्सूल के इस्तेमाल करने के फायदे और नुकसान के बारे में.

विटामिन ई कैप्सूल का इस्तेमाल कितना फायदेमंद

स्किन एक्सपर्स्ट्स का मानना है विटामिन ई स्किन के लिए काफी फायदेमंद है, लेकिन अगर आप विटामिन ई के कैप्सूल को अपने चेहरे पर लगाते हैं, तो इसका कोई खास फायदा नहीं



है.बता दें कि विटामिन ई के स्किन केयर प्रोडक्टस में सॉल्वेंट और इमल्सीफायर का मिश्रण होता है, इन्हीं की मदद से विटामिन ई चेहरे में समाता है. इसलिए सिर्फ विटामिन ई के कैप्सूल को चेहरे पर इस्तेमाल करने से कोई फायदा नहीं है. इस पर एक्पर्स्ट्स का कहना है कि विटामिन ई के कैप्सूल स्किन को कई बार नुकसान भी पहुंचा सकते हैं. कई बार इससे स्किन में जलन और एलर्जी जैसी चीजें भी होने लगती है. विटामिन ई कैप्सूल के कारण स्किन का रंग काला पड़ सकता है. सेंसिटिव स्किन वालों को इसका खासकर ध्यान रखना है. विटामिन ई कैप्सूल के नुकसानजानकारी के मुताबिक इन कैप्सूल में मौजूद विटामिन ई बहुत ही ज्यादा गाढ़ा और ऑयल सॉल्युबल होता है. इससे चेहरे पर कील–मुंहासों समेत कई कई समस्यएं हो सकती है. इसलिए स्किन एक्सपर्ट चेहरे पर डायरेक्ट विटामिन ई के कैप्सूल अप्लाई करने की सलाह नहीं देते हैं. ऐसे में अगर आपको इसकी जरूरत महसूस हो रही है तो आप विटामिन ई के कैप्सूल की जगह विटामिन ई के कोई और प्रोडक्ट्स यूज कर सकते हैं. वैसे तो चेहरे की समस्या को नेचुरली तरीके से और लाइफस्टाइल में सुध ाार करके दूर किया जा सकता है. आपकी जानकारी के लिए बता दें कि अगर आपको विटामिन ई कैप्सूल का इस्तेमाल करना है तो सबसे पहले इसका पैच टेस्ट जरूर करें. पैच टेस्ट करने के बाद अगर इसके इस्तेमाल से आपकी स्किन पर कोई गलत असर दिखाई दे रहा है, तो इसके इस्तेमाल से बचें. औरअगर आपको इसके इस्तेमाल से कोई परेशानी नहीं हो रही है ।

# अगर आप भी है आइसक्रीम खाने के शौकीन, तो यहां जान लें इसके फायदे और नुकसान

गर्मियों के मौसम में हम सभी को आइसक्रीम खाना काफी पसंद होता है. अक्सर आपने सुना होगा कि ज्यादा गर्मी होने पर लोग आइसक्रीम खाने की इच्छा जाहीर करते है. ऐसे में लोगों का मानना है कि आइसक्रीम हमें गर्मी से बचाते हैं. बच्चे हों या बड़े आइसक्रीम खाना सभी को पसंद होते है. लेकिन क्या आप ये जानते हैं कि जिसे आप मजे से खा रहे हैं वो आपकी सेहत के लिए कितना नुकसानदायक है बता दें कि आइसक्रीम को पिजर्व रखने के लिए इसमें कई तरह के हानिकारक केमिकल्स मिलाए जाते हैं, जो हमारे स्वास्थ्य को बिगाडने का काम करते हैं.

आइसक्रीम खाने के फायदे

गर्मियों के दिनों में आइसक्रीम खाने से ताजगी मिलती है, ये शरीर को ठंडा रखती है और गर्मी से राहत देती है. जानकारी के अनुसार आइसक्रीम में शुगर और कैलोरी की मात्रा होती है, जो आपको इस्टेंट ऊर्जा प्रदान कर सकती है. ये थकान दूर करने में भी मदद करती है. आइसक्रीम की कई सारी फ्लेवर्स आती है,



जिसके कारण लोग इसे अपनी पसंद के अनुसार लोग खाते हैं. और अपने पसंद के चीजों के खाने का स्वाद अलग ही होता है. ये बच्चों और बड़ों दोनों के लिए एक पसंदीदा डेसर्ट है. कई लोगों का मानना है कि आइसक्रीम खाने से स्ट्रेस कम होता है. इससे मस्तिष्क में एंडोर्फिन रिलीज होती है जो हमारे मूड को बेहतर बनाती है.

आइसक्रीम खाने के नुकसान

आइसक्रीम में अधिक कैलोरी होती है, और इसका अधिक सेवन करने से वजन बढ़ सकता है. ये मोटापे का कारण बन सकता है. दांतों की समस्या आइसक्रीम में शुगर की मात्रा अधिक होती है, जो दांतों में कैविटी और अन्य समस्याओं का कारण बन सकती है. जरूरत से ज्यादा आइसक्रीम का सेवन हार्ट अटैक के मरीजों के लिए नुकसानदायक है. क्योंकि इसे पिजर्व रखने के लिए इसमें कई तरह के हानिकारक केमिकल का इस्तेमाल किया जाता है, जो हार्ट के लिए काफी हानिकारक है. जानकारी के अनुसार आइसक्रीम खाने से पाचन की समस्या हो सकती है. अगर आपको पाचन संबंध ी समस्या है तो आप आइसक्रीम खाने से परहेज करें.

# ट्रांसफार्मर्स को पछाड़कर देवरा बनी दुनिया की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म, वर्ल्डवाइड 300 करोड़ का आंकड़ा पार

जूनियर एनटीआर और कोराटाला शिवा की धांसू एक्शन फिल्म देवरा पार्ट 1 दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दी है. 27 सितंबर को रिलीज हुई एक्शन फिल्म ने जहां ओपनिंग डे पर 2024 की दूसरी सबसे बड़ी ओपनर बनकर उभरी वहीं, ओपनिंग वीकेंड के बाकी दिनों में भी अपनी गति बनाए रखी. रिलीज के तीसरे दिन देवरा ने एक और रिकॉर्ड हासिल किया है. इतना ही नहीं, फिल्म ने तीन दिनों में दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की है. कॉमस्कोर के अनुसार, देवरा पार्ट 1 फिल्म इस वीकेंड पर दुनिया भर में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों की सूची में शामिल हो गई. जूनियर एनटीआर की फिल्म ट्रांसफॉर्मर्स को पछाड़ते हुए दुनिया की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनकर उभरी है.फिल्म के मेकर्स ने 29 सितंबर को सोशल मीडिया के जरिए बताया कि फिल्म ने दो दिनों में दुनियाभर में 243 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की है. रविवार को 40 करोड़ रुपये (नेट) की कमाई के साथ फिल्म अपने शुरुआती वीकेंड तक 250 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर जाएगी.सैकनिल्क के अनुसार, देवरारू पार्ट 1 ने 29 सितंबर को भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 40.3 करोड़ रुपये कमाए. फिल्म ने तेलुगू वर्जन में 27.65 करोड़ रुपये और हिंदी में 11 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है. वहीं, तमिल में 3.1 करोड़, कन्नड़ में 1.05 करोड़ और मलयालम में 90 लाख रुपये का बिजनेस किया है. तीन दिनों के बाद देवरा का कलेक्शन अब भारत में 161 करोड़ रुपये हो गया है.

देवरा मेकर्स ने बताया कि फिल्म ने ओपनिंग डे पर दुनिया भर में 172 करोड़ रुपये कमाए. वहीं, दूसरे दिन फिल्म ने 243 करोड़ रुपये से ज्यादा की. कॉमस्कोर के अनुसार, बॉक्स ऑफिस पर अपने पहले वीकेंड में फिल्म ने दुनिया भर में अपने शुरुआती में 32.93 मिलियन डॉलर (275 करोड़ रुपये) की ग्रॉस कलेक्शन की, जो इसे ग्लोबल लेवल पर सभी फिल्मों में दूसरे स्थान पर रखती है. देवरा केवल द वाइल्ड रोबोट से पीछे है,

जिसने वीकेंड में 44 मिलियन डॉलर कमाए और बीटलजूस बीटलजूस (29 मिलियन डॉलर) और ट्रांसफॉर्मर्स वन (25 मिलियन डॉलर) जैसी बड़ी हॉलीवुड फिल्मों से आगे है. फिलहाल देवरा ने तीन दिनों में 300 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिए है. फिल्म ने रविवार को दुनियाभर में 304 करोड़ रुपये की ग्रॉस कलेक्शन किया है.

# रजनीकांत की वेट्टैयन के ट्रेलर की रिलीज डेट आउट, फिल्म से आया थलाइवा का धांसू पोस्टर


साउथ सुपरस्टार रजनीकांत की वेट्टैयन का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. इस बीच मेकर्स ने ट्रेलर की रिलीज डेट अनाउंस कर दी है जिससे फैंस की एक्साइटमेंट बढ़ गई है. मेकर्स ने हाल ही में सोशल मीडिया पर बताया कि फिल्म का ट्रेलर कब रिलीज होने जा रहा है. लाइका प्रोडक्शन ने हाल ही में एक नए पोस्टर के साथ वेट्टैयन के ट्रेलर की रिलीज डेट अनाउंस की. पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा– द टारगेट इज सेट, द वेट्टैयन का ट्रेलर 2 अक्टूबर को आ रहा है. शिकार को पकडने के लिए तैयार हो जाओ. वेट्टैयन 10 अक्टूबर को सिनेमाघरों में तमिल, तेलुगु, हिंदी और कन्नड़ में रिलीज होगी. हाल ही में वेट्टैयन का प्रीव्यू लॉन्च हुआ जिसे फैंस का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला. वेट्टैयन के प्रीव्यू में रजनीकांत स्वैग में नजर आ रहे हैं उन्हें फुल एक्शन मोड़ में देखा जा सकता है. वहीं बिग बी का स्क्रीन प्रेजेंस भी कमाल का है. प्रीव्यू में बिग बी पुलिस की ओर से है वहीं रजनीकांत को आखिरी में पुलिस की वर्दी में देखा जा सकता है लेकिन अभी अंदाजा लगाना मुश्किल है कि रजनीकांत का रोल क्या है. हालांकि बिग बी की रजनीकांत से टक्कर तो तय है. वहीं फहद फासिल, राणा दग्गूबाती, मंजू वॉरियर की झलक भी प्रीव्यू में देखी गई.वेट्टैयन



एक एक्शन ड्रामा है, जिसे कूटाथिल ओरुथन और जय भीम फेम टीजे ग्नानवेल द्वारा लिखित और निर्देशित किया गया है. फिल्म की कहानी बी किरुथिका ने लिखी है. वेट्टैयन फिल्म में रजनीकांत, अमिताभ बच्चन, फहद फासिल, राणा दग्गुबाती, मंजू वारियर, रितिका सिंह, दुशारा विजयन, रोहिणी, राव रमेश और रमेश थिलक जैसे कलाकार खास रोल में हैं. लाइका प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित, फिल्म का संगीत अनिरुद्ध रविचंदर द्वारा तैयार किया गय

# रोमांटिक कामेडी फिल्म अमर प्रेम की प्रेम कहानी का ट्रेलर जारी, आदित्य सील के प्यार में गिरफ्तार हुए सनी सिंह

सनी सिंह, आदित्य सील और प्रनूतन बहल अभिनीत रोमांटिक कॉमेडी अमर प्रेम की प्रेम कहानी के निर्माताओं ने फिल्म का ट्रेलर जारी कर दिया है। ट्रेलर में अमर (सनी सिंह) के जीवन की एक झलक दिखाई गई है, जो अपनी कामुकता का पता चलने पर सामाजिक अपेक्षाओं से घुटन महसूस करता है। ट्रेलर से साफ हो रहा है कि फिल्म का उद्देश्य समाज को एक अहम संदेश देना है। फिल्म रूढिघ्वादिता को तोडने की कोशिश करती है। अमर प्रेम की प्रेम कहानी का ट्रेलर जारी करते हुए निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, रूढिघ्वादिता को तोडने का समय। ये प्रेम कहानी आपके होश उड़ाने के लिए आ रही है। अमर प्रेम की प्रेम कहानी, स्ट्रीमिंग 4 अक्तूबर से, केवल जियो सिनेमा प्रीमियम पर। ट्रेलर में अमर (सनी सिंह) आजादी की तलाश में लंदन की यात्रा करता है, और अपनी उड़ान में अप्रत्याशित रूप से उसे प्रेम (आदित्य सील) से प्यार हो जाता है। एक कथित आपातकाल के कारण अमर को परिवारवाले वापस बुला लेते हैं, उसे पता चलता है कि उसे एक अरेंज मैरिज में धकेल दिया गया है। इसके बाद वह गलतफहमी और पारिवारिक नाटक से निपटता है। अमर का किरदार निभा रहे सनी सिंह ने कहा, अमर एक पंजाबी लड़का है, एक प्यारा आकर्षक व्यक्ति है जो अपने परिवार में सभी के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ा हुआ है। हालांकि, उसने उनसे अपनी कामुकता की बात छिपा रखी है और वह इस पर चर्चा करने से झिझकता है। सनी इसके बाद कहते हैं, मैं अपनी अभिनय यात्रा में यह अवसर पाकर खुद को भाग्यशाली मानता हूं मेरे साथी कलाकार बेहद अच्छे रहे हैं। हमारे फिल्म निर्देशक ने मुझे मेरी भूमिका के माध्यम से बहुत अच्छी तरह से निर्देशित किया, और मैंने सेट पर हर दिन कुछ नया सीखा। फिल्म में समलैंगिक रिश्तों को खूबसूरती से दर्शाया गया है। मुझे विश्वास है कि हर किसी को इससे प्यार हो जाएगा।



# अनन्या पांडे की अपकमिंग फिल्म सीटीआरएल का ट्रेलर रिलीज, इंटरनेट की चालबाज दुनिया में जूझती नजर आई अभिनेत्री

डायरेक्टर विक्रमादित्य मोटवानी की फिल्म सीटीआरएल का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म में अनन्या पांडे लीड रोल में नजर आ रही हैं। फिल्म का ट्रेलर जबरदस्त है और भविष्य में सेंध लगाने की कोशिश करता है। फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है। रिलीज से पहले ही ट्रेलर में अनन्या पांडे की एक्टिंग की जमकर तारीफ हो रही है। अनन्या के साथ फिल्म में लीड रोल निभाने वाले विहान समत और देविका वस्ता शामिल हैं। फिल्म 4 अक्टूबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही है।

फिल्म की कहानी काफी दिलचस्प नजर आ रही है। ट्रेलर में इसकी झलकियां भी दिखाई गई हैं। ट्रेलर में दिखाया गया है कि अनन्या पांडे अपनी जिंदगी काफी खुशहाल तरीके से जी रही होती हैं। इसी दौरान अनन्या का किरदार एक सोशल मीडिया एप पर जाता है और खुशी के पल शेयर करता है। लेकिन इसी बीच अनन्या को प्यार में धोखा मिलता है, जिससे अनन्या बुरी तरह टूट जाती हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर चल रहा एप अनन्या को बॉयफ्रेंड से दूरी बनाने की सलाह देता है और यहीं से कहानी दिलचस्प मोड़ ले लेती है। ट्रेलर में अनन्या पांडे दमदार एक्टिंग करती नजर आ रही हैं।ये फिल्म एआई और उसके दुष्परिणामों पर प्रकाश डालती है। साथ ही वर्तमान



में चल रहे एआई के डेवलपमेंट और उसके प्रयोगों को लेकर भी भविष्य में झांकने का प्रयास करती है। हालांकि अब देखना होगा कि फिल्म रिलीज के बाद कितने लोगों को प्रभावित कर पाती है। अनन्या की इससे पहले नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई फिल्म खो गए हम कहां को लोगों ने खूब प्यार दिया था। अब ये फिल्म भी नेटफ्लिक्स पर 4 अक्टूबर को रिलीज हो रही है। कुछ लोगों ने इस फिल्म की तुलना ब्रिटिश डायस्टोपियन साइंस–फिक्शन सीरीज ब्लैक मिरर से भी की है।

# 7वें वीकेंड पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी स्त्री 2, तोड़ा आरआरआर और बाहुबली 2 का रिकार्ड

अमर कौशिक निर्देशित फिल्म श्स्त्री 2य बॉक्स ऑफिस पर बिल्कुल भी रूकने का नाम नहीं ले रही है. इस फिल्म को रिलीज हुए डेढ़ महीने से ज्यादा हो गया है लेकिन ये बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ ढीली करने को तैयार नहीं है. यहां तक कि अब तो सिनेमाघरों में जूनियर एनटीआर की देवरा भी रिलीज हो चुकी है लेकिन श्स्त्री 2य पर इसका भी कोई असर नहीं पड़ा है और इसने सातवें वीकेंड पर भी ताबड़तोड़ कमाई की है.हॉरर कॉमेडी फिल्म स्त्री 2 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. तब से ये फिल्म बॉध्क्स ऑफिस पर कुंडली जमाए बैठी है. इस बीच कई फिल्में आई और चली भी गई लेकिन स्त्री 2 को कोई टस से मस नहीं कर पाया.स्त्री 2 अपनी रिलीज से लेकर अब तक तमाम फिल्मों को धूल चटा ुकी है. साल 2024 की सबसे बड़ी हिट फिल्म बन चुकी स्त्री 2 ने शाहरुख खान की जवान के हिंदी में लाइफाइम कलेक्शन को भी मात दे दी थी और ये हिंदी की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म भी बन चुकी है.वहीं स्त्री 2 को अब सिनेमाघरों में ध्‍माल मचाते हुएडेढ़ महीने से ज्यादा हो गया है और हैरानी की बात ये है कि सातवें वीकेंड पर भी फिल्म ने करोड़ों में कमाई की और नया रिकॉर्ड़ भी अपने नाम कर लिया.बता दें कि अपने 7वें वीकेंड पर श्स्त्री 2य ने एसएस राजामौली–प्रभास की बाहुबली 2 और एसएस राजामौली–राम चरण–जूनियर एनटीआर की आरआरआर को पछाड़ते हुए सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है.श्स्त्री 2य के कलेक्शन की बात करें तो तरण आदर्श द्वारा शेयर किए गए आंकड़ों के मुताबिक फिल्म ने पहले हफ्ते में 307.80 करोड़, दूसरे हफ्ते में 145.80 करोड़, तीसरे हफ्ते में 72.83 करोड़, चौथे हफ्ते में 37. 75 करोड़, पांचवें हफ्ते में 25.72 करोड़ का कारोबार और छठे हफ्ते में 19.72 करोड़ रुपये की कमाई की. वहीं अब ये फिल्में सातवें हफ्ते में पहुंच चुकी है. जहां सातवें फ्राइडे फिल्म ने 1. 09 करोड़ कमाए तो सातवें शनिवार फिल्म का कलेक्शन 2. 20 करोड़ रुपये रहा.वहीं सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक श्स्त्री 2य ने रिलीज के सातवें संडे यानी 47वें दिन 2.65 करोड़ का कलेक्शन किया है.इसी के साथ श्स्त्री 2य की सातवें वीकेंड पर कुल कमाई 5.75 करोड़ से ज्यादा रही और 47 दिनों की कुल कमाई अब 615.56 करोड़ हो गई है. वहीं स्त्री 2 की तुलना में कई सबसे बड़ी फिल्मों का 7वां वीकेंड बहुत फीका रहा, चाहे वह प्रभास स्टारर बाहुबली 2– द कन्क्लूजन हो. इस फिलम ने अपने 7वें सप्ताह में सिर्फ 5 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था जबकि जूनियर एनटीआर और राम चरण की आरआरआर ने इसी पीरियड में 4.5 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था. वहीं यश की केजीएफ 2 ने 1.94 करोड़ की कमाई की थी. स्त्री 2 दिनेश विजान की हॉरर–कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा है. फिल्म में अक्षय कुमार, वरुण धवन और तमन्ना भाटिया ने कैमियो किया है. वहीं श्रद्धा कपूर और राजकुमार के अलावा फिल्म में अपारशक्ति खुराना, अभिषेक बनर्जी और पंकज त्रिपाठी ने भी अहम रोल प्ले किया है.

# गेम चेंजर का दूसरा गाना रा मचा–मचा रिलीज, आरआरआर स्टार राम चरण का दिखा एनर्जेटिक स्वैग

राम चरण और कियारा आडवाणी स्टारर अपकमिंग पॉलिटिकल ड्रामा फिल्म गेम चेंजर का दूसरा गाना रा मचा–मचा रिलीज हो गया है. गाने में राम चरण का एनर्जेटिक अंदाज दिख रहा है. इससे पहले फिल्म का पहला गाना जारागंडी रिलीज हुआ था. अब राम चरण के फैंस के बीच फिल्म गेम चेंजर का नया गाना रा मचा मचा धूम मचा रहा है. रा मचा मचा को सिंगर नकाश अजीज ने गाया है. गाने में थामन.एस का संगीत है और इसके बोल अनंत श्रीराम ने लिखे हैं. गाने रा मचा मचा में राम चरण की फुल एनर्जी दिख रही है. राम चरण ने स्काई रंग शर्ट पर लाइट ग्रे रंग की पैंट हुई है. पॉपुलर कोरियोग्राफर गणेश आचार्य ने गाने को कोरियोग्राफ किया है. गाना फिलहाल तेलुगू भाषा में रिलीज हुआ है. अपरिचीत, रोबोट और इंडियन 2 जैसी फिल्मों के डायरेक्टर शंकर ने फिल्म गेम चेंजर को डायरेक्ट किया है. फिल्म का बजट 450 करोड़ रुपये हैं. फिल्म को दिल राजू और शिरिष ने प्रोड्यूस किया है. फिल्म गेम चेंजर में राम चरण आईएएस राम चंदर का रोल प्ले करेंगे. फिल्म में अंजली, कियारा आडवाणी, जयराम, सुनील, एस जे सूर्या, प्रकाश राज और मुरली शर्मा समेत कई स्टार्स नजर आने वाले हैं. गेम चेंजर की कहानी कार्तिक सुब्बाराज ने लिखी है. फिल्म आईएएस बन राम चरण चुनावों में होने वाले करप्शन पर लगाम लगाते दिखेंगे और निष्पक्ष चुनाव होने का दावा करेंगे. फिल्म गेम चेंजर पर साल 2021 से काम चल रहा है. आरआरआर की शूटिंग निपटाने के बाद से राम चरण फिल्म गेम चेंजर पर काम कर रहे थे

# गोविन्दा को लगी गोली, अस्पताल में कराया गया भर्ती, बालीवुड अदाकारा तनुश्री दत्ता ने खुलासा किया

शुरुआती रिपोर्टों से पता चलता है कि गोली उनके घुटने में लगी, जिसके बाद उन्हें मुंबई के क्रिटिकेयर अस्पताल में तुरंत इलाज के लिए ले जाया गया। अभी तक गोविंदा के परिवार और टीम ने उनकी हालत के बारे में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं



किया है। अभिनेता और शिवसेना नेता गोविंदा को आज सुबह अस्पताल ले जाया गया, क्योंकि उनकी लाइसेंसी रिवॉल्वर से गलती से गोली चल गई और उनके पैर में गोली लग गई। यह घटना सुबह करीब 4रू45 बजे हुई, जब वह बाहर जाने से पहले हथियार की जांच कर रहे थे। शुरुआती रिपोर्टों से पता चलता है कि गोली उनके घुटने में लगी, जिसके बाद उन्हें मुंबई के क्रिटिकेयर अस्पताल में तुरंत इलाज के लिए ले जाया गया। अभी तक गोविंदा के परिवार और टीम ने उनकी हालत के बारे में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। तृप्ति डिमरी अपनी नई फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो की रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार हैं। राज शांडिल्य द्वारा निर्देशित इस रोमांटिक कॉमेडी में तृप्ति डिमरी के अपोजिट राजकुमार राव भी मुख्य भूमिका में हैं। ट्रेलर सितंबर में रिलीज किया गया था और दर्शकों से इसे शानदार प्रतिक्रिया मिली थी। निर्माता फिल्म से कई गाने रिलीज कर रहे हैं और उनमें से एक श्मेरे महबूबश था।

# कृति सेनन ने थाई हाई स्लिग गाउन पहन गिराई बिजली, एक्ट्रेस के किलर पोज फैंस को बना रहे दीवाना



बॉलीवुड की खूबसूरत अदाकारा कृति सेनन ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर कुछ बेहद आकर्षक तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह एक ग्रे ऑफ–शोल्डर थाई हाई स्लिट गाउन में नजर आ रही हैं. कृति के इस लुक ने सोशल मीडिया पर धूम मचा दी है और उनके किलर पोज ने फैंस को दीवाना बना दिया है. कृति ने अपने इस शानदार लुक के साथ ग्लोइंग मेकअप किया है, जो उनकी खूबसूरती को और भी बढ़ा रहा है. खुले बालों के साथ पहना गया नेकलेस उनके इस लुक को और अधिक आकर्षक बनाता है. कृति सेनन ने यह लुक आईफा पुरस्कार 2024 के लिए अपनाया था, जहां उन्होंने अपने अंदाज से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया. उनकी तस्वीरें वायरल हो रही हैं और फैंस उनकी स्टाइल और कॉन्फिडेंस की तारीफ कर रहे हैं. हाल ही में, कृति सनोन को फिल्म क्रू में उनके बेहतरीन अभिनय के लिए आलोचकों की प्रशंसा मिली। एक अभिनेत्री के रूप मेंउनकी प्रतिभा और बहुमुखी प्रतिभा, उनकी स्टाइल की गहरी समझ के साथ मिलकर, उन्हें मनोरंजन उद्योग में एक प्रिय व्यक्ति बनाती है।

# आन स्क्रीन कपड़े उतारती है तो सामने भी उतार देगी..



मल्लिका शेरावत ने हाल ही में बॉलीवुड में अपनी बोल्ड ऑन–स्क्रीन शख्सियत के कारण आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की और उनकी टिप्पणियाँ त्मककपज पर वायरल हो रही हैं। मल्लिका शेरावत राज शांडिल्य की फिल्म विक्की और विद्या का वो वाला वीडियो से बॉलीवुड में वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अभिनेत्री अपनी आगामी फिल्म के प्रचार के लिए मुंबई में हैं। मुकेश भट्ट की फिल्म मर्डर में इमरान हाशमी के साथ काम करने के बाद अभिनेत्री मल्लिका शेरावत बहुत मशहूर हो गईं। इस फिल्म के बाद उन्होंने प्यार के साइड इफेक्ट्स, वेलकम और अग्ली और पगली जैसी फिल्मों में अहम किरदार निभाए। वह हिंदी फिल्मों में कई गानों में भी नजर आईं। अभिनेत्री मल्लिका शेरावत ने बॉलीवुड इंडस्ट्री में अपने अनुभवों के बारे में खुलकर बात की है। कथित तौर पर मल्लिका शेरावत ने खुलासा किया है कि कई पुरुष अभिनेताओं ने उन्हें रात में अपने होटल के कमरों में आमंत्रित किया है। हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में मल्लिका ने चर्चा की कि कैसे फिल्मों में उनकी बोल्ड भूमिकाओं ने कुछ सितारों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि वह ऑफ–स्क्रीन कैजुअल व्यवहार के लिए तैयार होंगी। मल्लिका शेरावत ने हाल ही में बॉलीवुड में अपनी बोल्ड ऑन–स्क्रीन शख्सियत के कारण आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की और उनकी टिप्पणियाँ त्मककपज पर वायरल हो रही हैं। उन्होंने खुलासा किया कि कई शीर्ष अभिनेताओं ने माना कि उनकी साहसी भूमिकाओं का मतलब है कि वह ऑफ–स्क्रीन भी समझौता करने के लिए तैयार होंगी। ये अभिनेता अक्सर उन्हें रात में बुलाते थे, उनसे मिलने की उम्मीद करते थे, उनका मानना घ्था कि उनकी ऑन–स्क्रीन बोल्डनेस उनके निजी जीवन को दर्शाती है। हालाँकि, मल्लिका ने इन प्रस्तावों को दृ ढ़ता से अस्वीकार कर दिया, अपने मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

# पेट में तेज दर्द के बाद रजनीकांत चेन्नई के अस्पताल में भर्ती, अभी सुपरस्टार की हालत स्थिर

दिग्गज अभिनेता रजनीकांत को पेट में गंभीर तकलीफ की शिकायत के बाद चेन्नई के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 73 वर्षीय सुपरस्टार को 1 अक्टूबर को एक वैकल्पिक हृदय प्रक्रिया से गुजरना पड़ सकता है।दिग्गज अभिनेता रजनीकांत को पेट में गंभीर तकलीफ की शिकायत के बाद चेन्नई के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 73 वर्षीय सुपरस्टार को 1 अक्टूबर को एक वैकल्पिक हृदय प्रक्रिया से गुजरना पड़ सकता है। रिपोर्ट्स बताती हैं कि उनकी हालत स्थिर है, हालांकि अभी तक कोई आधिकारिक अपडेट नहीं आया है। उनके अस्पताल में भर्ती होने की खबर के बाद, प्रशंसकों ने अपने प्रिय श्थलाइवाश के लिए प्रार्थना करना शुरू कर दिया है। रजनीकांत अगली बार टीजे ज्ञानवेल की फिल्म वेट्टैयान में नजर आएंगे। सोमवार देर रात अभिनेता रजनीकांत को पेट में तेज दर्द हुआ, जिसके बाद उन्हें चेन्नई के अपोलो अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल के सूत्रों ने पुष्टि की कि उनकी हालत स्थिर है। रिपोर्ट के अनुसार, 73 वर्षीय अभिनेता को मंगलवार को वैकल्पिक प्रक्रिया से गुजरना पड़ सकता है। हालांकि, रजनीकांत के परिवार या अस्पताल की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक सूचना नहीं दी गई है।इससे पहले 2020 में उन्हें उच्च रक्तचाप की शिकायत के बाद हैदराबाद के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें अपनी राजनीतिक पार्टी के लॉन्च से कुछ दिन पहले भर्ती कराया गया था। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद उन्होंने घोषणा की कि वे स्वास्थ्य कारणों से राजनीति में प्रवेश नहीं करेंगे।

# बरसात में नहर में लगाया काम पानी के लिए तरसते किसान

## 'धान के खेतों में पड़ रही दरार किसान परेशान

मीरजापुर(आरएनएस)। विकास खंड राजगढ़ क्षेत्र के धनसीरिया ग्राम पंचायत के नौडिहवा में बरसात मे ठेकेदार ने नहर में लगाया काम पानी के लिए तरस रहे किसान। सिंचाई विभाग के ठेकेदार के द्वारा नहर में काम लगाया गया। धान की फसल किसानों की सुख रही है। नहर का झाल बनाने के लिए एक हफ्ते से ज्यादा का समय बीत गया। अभी तक नहर का काम पूरा नहीं हो पाया।और नहर में ही घटिया क्वालिटी का सामान लगाकर कोरम पूरा किया जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा कई बार विरोध किया गया।लेकिन ठेकेदार मनमाने तरीके से काम को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। नहर की मिट्टी किसान के खेती में डाल दी गई। 5 विस्वा किसान की खेत की रोपाई नहीं हो पाई। मिट्टी रहीत धोके का इस्तेमाल किया जा रहा है। घटिया क्वालिटी के सीमेंट का प्रयोग किया जा रहा है।मानक का ख्याल नहीं रखा जा रहा है। नहर का झाल बनाने में मटेरियल लगाकर जल्द से जल्द काम को अंजाम दिया जा रहा है। मौके पर ठेकेदार तो नहीं मिले लेकिन उन्ही के लोगों के द्वारा पूछा जाता है तो उन्होंने कहा कि जितनी भी सड़के क्षतिग्रस्त हुई है उन्हीं के द्वारा बनाई जाएगी। लेकिन अभी तक इस सड़क का अभी तक टेंडर नहीं हुआ है केवल ग्रामीणों को धोखे में रखकर जल्द से जल्द नहर का झाल बनाया जा रहा है। क्षेत्र के किसान और ग्रामीण पप्पू सिंह जगदीश सिंह हरी राम सिंह गुड्डू सिंह ने कहा कि घटिया क्वालिटी का सामान लगाया जा रहा है।ठेकेदार मनमाने तरीके से काम को जल्द से जल्द पूरा करवाने के लिए जेसीबी और पोकलैंड से काम कराया जा रहा है। इसके अलावा घटिया क्वालिटी का सीमेंट बालू गिट्टी लगाया जा रहा है।पोकलैंड मशीन और जेसीबी से खुदाई की गई। मानक का ख्याल नहीं रखा जा रहा है। ठेकेदार नहर का झाल बनवाने के लिए ग्रामीणों को आश्वासन दे रहा है कि यह सड़क जितना भी क्षतिग्रस्त हुआ है उन्हीं के द्वारा बनाया जाएगा। लेकिन अभी तक 8 किलोमीटर लंबी सड़क का अभी तक टेंडर तक नहीं हुआ है। और यह बनेगा कब किसी को कुछ नहीं मालूम है। नौडिहवा नई बस्ती के पास लगभग 50 मीटर तक सड़क को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। कल सिंचाई विभाग जेई दिनेश कुमार मौके पर पहुंचे। ठेकेदार को मानक पूरा करने को कहा और आवश्यक निर्देश दिए। इस संबंध में जब सिंचाई विभाग के जेई दिनेश कुमार से बात हुई तो उन्होंने कहा कि यह हमारा क्षेत्र नहीं है।चार रूएक का मानक है। मानक के अनुसार ही काम होना चाहिए।जब उनसे पूछा गया तो लगभग 50 मीटर के नहर की पटरी की सड़क को क्षतिग्रस्त किया गया है। इसकी जांच कराई जाएगी।

# प्रदेश में 16 बन्द सहकारी बैंको को चालू कराकर किसानों के धनराशि को किया गया वापस

मीरजापुर(आरएनएस)। प्रदेश के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार सहकारिता विभाग जेपीएस राठौर ने आज मझवा विधानसभा के आमघाट देवरी में स्थित एक लान में आयोजित सहकारिता प्रकोष्ठ सम्मेलन कार्यक्रम में पहुंचकर किसानों को सम्बोधित किया। इस अवसर पर विधायक नगर रत्नाकर मिश्र, विधायक मड़िहान रमांशकर सिंह पटेल, विधायक छानबे श्रीमती रिंकी कोल, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मीरजापुर श्याम सुन्दर केसरी, पूर्व विधायक शुचिस्मिता मौर्या, हौसिला पाठक उपस्थित रहें। कार्यक्रम का शुभारम्भ राज्यमंत्री सहकारिता एवं विधायक नगर, विधायक मड़िहान, विधायक छानबे, जिला अध्यक्ष भाजपा, चेयरमैन सहकारिता ने दीप प्रज्जवलित कर किया। राज्यमंत्री ने उपस्थित कृषको को सम्बोधित करते हुए कहा कि छोटी–छोटी बचत से बड़ी पूंजी तैयार करना सहकारिता का मुख्य उद्देश्य है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार सहकारिता को मजबूत बनाने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने बताया कि विगत कुछ वर्ष पहले सहकारिता व सहकारी बैंको की स्थिति काफी दयनीय थी जिसके तहत प्रदेश के 50 सहकारी बैंको में से विभिन्न जनपदों में 16 सहकारी बैंक बन्द हो गए थे इन बैंको बन्द होने से जिन किसानो का पैसा उसमें जमा था वे काफी परेशान भी थे। मुख्यमंत्री के कार्यभार संभालने के साथ इस आशय की जानकारी होते ही सभी बन्द सहकारी बैंको को वित्तीय सहायता देकर चालू कराया गया तथा किसानों के जमा धन को वापस कराते हुए लेने देने की प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी। आज स्थिति है कि 16 में से 14 सहकारी बैंक प्राफिट में भी चल रहें। उन्होंने इस संकट की घड़ी में मीरजापुर में सहकारी बैंक अच्छे ढंग से चलते रहने के लिए यहां के अधिकारियों कर्मचारियों को धन्यवाद भी दिया। उन्होंने कहा कि जनपद मीरजापुर का सहकारी बैंक चेयरमैन जगदीश पटेल के नेतृत्व में विगत दो वर्षो पहले 26 लाख की प्राफिट को बढ़ाते हुए 49 लाख किया गया तथा आगामी 31 मार्च 2025 तक इसे साढ़े 6 करोड़ का लक्ष्य निर्धारित करते हुए पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी सहकारी समितियों में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से शत प्रतिशत समितियों को कम्प्यूटरीकृत किया जा रहा है जिसमें जनपद मीरजापुर सहकारी समितियों में बताया गया कि कुल 148 सहकारी समितियां जिसमें 62 सोनभद्र एवं 86 मीरजापुर में है जिसमें से 63 को कम्प्यूटरीकृत किया जा चुका हैं। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से किसानों को घर बैठे ही सहकारिता विभाग की योजनाओं की जानकारी दी जाएगी एवं सहकारिता विभाग द्वारा घर–घर बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास भी किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि छोटी–छोटी पूंजी को जमा कर बड़ी पूंजी तैयार करना हमारा उद्देश्य हैं। अमूल दुग्ध्ध समिति तथा इफको कम्पनी का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि अमूल गुजरात से छोटी समिति बनाकर किसानों को जोड़ने का कार्य किया और आज पारदर्शिता के साथ कार्य करते हुए पूरे देश में इसका ब्राण्ड छाया हुआ हैं। उन्होंने कहा कि सहकारिता के माध्यम से घर–घर बैंकिंग सुविधा पहुंचाकर सूतखोरी से गरीबों व किसानो को निजात दिलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों को प्रदेश सरकार द्वारा मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है इन समितियों पर डाका डालने वालों के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही भी की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि पहले समितियों पर यूरिया, डीएपी व अन्य उर्वरकों के लिए सुबह लाइने लगानी पड़ती थी केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रत्येक समितियों पर पर्याप्त मात्रा में किसानों के लिए उरवरक उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि समितियों के माध्यम से सरकार के द्वारा प्रदेश के किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या नही आने दी जाएगी। जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी बृजभूषण सिंह राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार का स्वागत करते हुए कहा कि भारत को विकसित देश बनाना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना है और विकसित बनाने में हमारे प्रदेश के किसानों की अहम भूमिका सिद्ध हो सकती है। उन्होंने कहा कि सहकारिता के कार्य क्षेत्र में काफी परिवर्तन लाकर इसे किसानों के बीच सुविधा उपलब्ध कराने के लिए खड़ा किया गया हैं। चेयरमैन सहकारिता जगदीश सिंह पटेल ने अपने सम्बोधन में कहा कि मल्टीपर्पज समितियों के गठन हेतु शासन को प्रस्ताव भेज दिया गया हैं। उन्होंने कहा कि मीरजापुर साधन सहकारी समितियों पर किसानों के लिए हर सम्भव सभी सुविधाएं उपलब्धा कराई जाएंगी। सहकारी बैंको से किसानों व गरीबों को कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराते हुए उन्हें हर सुविधा से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने मंत्री से मसूर व सरसों की पैदावार चर्चा करते हुए कहा कि इन फसलों का उत्पादन बढ़ा हैं धान की पैदावारी भी इस वर्ष लगभग डेढ़ गुना होने की सम्भावना है उन्होंने कहा कि धान क्रय केन्द्रो को बढ़ाते हुए मसूर व सरसों की खरीददारी के लिए क्रय केन्द्र बढ़ाए जाए। इसके पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा, चेयरमैन सहकारिता एवं एआर कोआपरेटिव के द्वारा राज्यमंत्री को ओडीओपी के द्वारा निर्मित स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया गया।

# मण्डलायुक्त, उप पुलिस महानिरीक्षक व जिलाधिकारी ने शारदीय नवरात्र मेला के तैयारियों के बारे

मीरजापुर(आरएनएस)। मण्डलायुक्त डॉ मुथुकुमार स्वामी बी ने उप पुलिस महानिरीक्षक आरपी सिंह व जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के साथ प्रशासनिक भवन विन्ध्याचल में 02से03 अक्टूबर 2024 से प्रारम्भ होने वाले नवरात्र मेला के तैयारियों के बारे में समीक्षा की। मण्डलायुक्त ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि मेला क्षेत्र में स्थापित किए जाने वाले हेल्थ कैम्पो में दवाईयां पर्याप्त मात्रा में होने के साथ उनमें डाक्टरों की भी तैनाती की जाए। उन्होंने कहा कि आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए एम्बुलेंस में जीवन रक्षक दवाईयों के साथ–साथ तकनीकी सहायकों की भी तैनाती की जाए। उन्होंने कहा कि मन्दिर परिसर के अन्दर पान गुटका खाकर थूकने वाले का नियमानुसार चालान किया जाए। उन्होंने सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक विन्ध्याल को निर्देशित करते हुए कहा कि रोडवेज बसो के संचालन में समय का ध्यान देने के साथ ही कौन सी कब कहा जाएगी उसकी सूची बनाकर परिसर में चस्पा कराए जिससे श्रद्धालुओं के आवागमन में कोई कठिनाई न हों। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित करते हुए कहा कि मेला क्षेत्र में दुकानदारों को प्लास्टिक का उपयोग न करने की सलाह दे इसके बाद यदि कोई दुकानदार प्लास्टिक का प्रयोग कर रहा है उसके विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्यवाही करें। उन्होंने अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत को निर्देशित करते हुए कहा कि नाव संचालको का नाम व मोबाइल नम्बर कंट्रोल रूम में उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्र मे तैनात अधिकारियों, कर्मचारियों की सूची उपलब्ध कराना, खोया पाया केन्द्र, ध्वनि विस्तारक यंत्र, अष्टभुजा गेस्टहाउस को वीआईपी आगंतुको हेतु साफ सफाई कराने, अष्टभुजा रैन बसेरा पर चिकित्सीय शिविर की व्यवस्था सहित सभी आवश्यक व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। मण्डलायुक्त ने कहा कि घाटो की साफ सफाई, जालीदार बैरीकेटिंग, शौचालय व महिलाओं के वस्त्र बदलने हेतु चेंजिग रूम अविलम्ब पूर्ण करा लें। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मीरजापुर के द्वारा मण्डलायुक्त को अवगत कराया गया कि घाटो की सफाई व घाटो अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं कल सांय पूर्ण करा ली जाएंगी। उन्होंने कहा कि गलियों व प्रमुख मार्गो पर सीसीटीवी कैमरा लगवाया जाए। उप पुलिस महानिरीक्षक आरपी सिंह ने कहा कि पुलिस अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि ड्यूटी में लगाए पुलिस अधिकारी व कर्मचारी अपने सेक्टर मजिस्ट्रेट से समन्वय स्थापित करते हुए निर्धारित ड्यूटी स्थल पर पूरे मुस्तैदी के साथ तैनात रहेंगे। मेला क्षेत्र में भीड़ एवं वाहनों के नियंत्रण हेतु यथा स्थान मेला प्रारम्भ होने के पूर्व बैरीकेटिंग पूर्ण करा लें। उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्र की प्रमुख एवं परिसर में सीसीटी कैमरा लगाते हुए सर्तक दृष्टि रखी जाए। उन्होंने कहा कि जहां पर सीसीटीवी कंट्रोल रूम बनाया गया है वहां पर पुलिस एक टीम रखी जाए जिन्हें तकनीकी जानकारी हो ताकि किसी प्रकार समस्या आने पर सम्बन्धित को अवगत कराया जा सकें। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित करते हुए कहा कि वाहन स्टैण्डो पर सीसी टीवी कैमरा व रेट लिस्ट समय से लगवाया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं औषधि को निर्देशित किया कि मेला क्षेत्र की दुकानों की निरंतर जांच कर गुणवत्ता को देखे खराब पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि प्रसाद की दुकानों व अन्य दुकानो पर रेट लिस्ट चस्पा कराएं। उन्होंने अधिशसी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित करते हुए कहा कि मन्दिर परिसर की निरंतर साफ सफाई कराते रहें। उन्होंने कहा कि मन्दिर के ऊपर ड्यूटी में लगाए गए सफाईकर्मियों का नाम व मोबाइल नम्बर कंट्रोल रूम में उपलब्ध करा दें। उन्होंने सभी सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेटो को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने ड्यूटी स्थल नही छोड़ेंगे जब तक दूसरा आ नही जाता हैं। स्टेशन अधीक्षक विन्ध्याचल को निर्देशित किया कि रैन बसेरा की सफाई कराने के साथ ही सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करा लें। मुख्य चिकित्साधिकारी आयुष हास्पिटल विन्ध्याचल में एक मेडिकल टीम शिफ्टवार 24 घंटे ड्यूटी लगाते हुए पर्याप्त मात्रा में दवाईयां भी उपलब्ध रहे। उन्होंने कहा कि अष्टभुजा पहाड़ी पर आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु भी कैम्प स्थापना की जाए। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि छुट्टा पशु को पकड़कर गौशला में रखा जाए कोई। उन्होने सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक रोडवेज को निर्देशित किया कि परिसर की नियमित साफ सफाई कराने पेयजल व प्रकाश की समुचित व्यवस्था कराएं। उन्होंने मुख्य अग्निशमन अधिकारी को निर्देशित किया कि तीनों मन्दिरों सहित हवन कुण्ड के पास अग्निशमन यंत्रो की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं। उन्होंने अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देशित करते हुए कहा कि मेला क्षेत्र व गलियों में ढीले तारो को ठीक करा लें। उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर की उपलब्धता बनाए रखे, खराबी आने पर तत्काल बदला जा सकें। बैठक में अध्यक्ष नगर पालिका मीरजापुर श्याम सुन्दर केसरी, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व शिव प्रताप शुक्ल, अपर पुलिस अधीक्षक नक्सल ओम प्रकाश सिंह, नगर मजिस्ट्रेट लाल बहादुर सिंह, डिप्टी कलेक्टर शक्ति प्रताप सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मीरजापुर गोवा लाल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सीएल वर्मा, अध्यक्ष विन्ध्य पण्डा समाज पंकज द्विवेदी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें। तत्पश्चात जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व शिव प्रताप शुक्ल के साथ नवरात्र मेला के तैयारियों के दृष्टिगत विन्ध्याचल स्टेशन पहुंचकर तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि स्टेशन के सामने साफ सफाई व्यवस्था, रैन बसेरा, अस्थायी शौचालय, प्रकाश व्यवस्था आदि सभी व्यवस्थाएं कल दोपहर तक पूर्ण करा लिया जाए। जिलाधिकारी विन्ध्य विद्यापीठ इण्टर कालेज के मैदान में बन रैन बसेरा का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि वाटर फ्रूफ शेड बनाया जाए एवं पेयजल हेतु टैंकरो की व्यवस्था की जाए। उन्होंने रोडवेज परिसर विन्ध्याचल पहुंचकर विन्ध्य महोत्सव के तैयारियों के बारे में जानकारी ली तथा साफ सफाई कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान नगर मजिस्ट्रेट लाल बहादुर सिंह, डिप्टी कलेक्टर शक्ति प्रताप सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# दिनदहाड़े गोली मारकर युवक की हत्या, इलाके में मची सनसनी, मंदिर के दान पात्र से चोरी में नाम आने पर वारदात को दिया अंजाम

मीरजापुर(आरएनएस)। जिले में अपराध और अपराधियों की दहशतगर्दी बढ़ उठने से आमजमानस में भय व दहशत के साथ कानून व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं। मंगलवार को देहात कोतवाली क्षेत्र के गुरसंडी पचेर में युवक की गोली मार कर हत्या कर दी गई। मंदिर के दान पत्र में चोरी के मामले में मृतक के पिता ने आरोपी के विरुद्ध आज सुबह तहरीर दी थी। आशंका जताई जा रही है इसी से आक्रोशित होकर आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया है। हत्यारोपी शातिर बताया जा रहा है। देहात कोतवाली क्षेत्र के गुरसंडी पुलिस चौकी अंतर्गत गुरसंडी पचेर गांव स्थित मंदिर के दान पात्र से चोरी हो जाने की सूचना मंदिर के पुजारी द्वारा पुलिस को दी गई थी। बताया जा रहा है कि मंदिर के दान पेटी से चोरी को लेकर पुजारी के बेटे सवन पांडेय 26 वर्ष पुत्र कृपाशंकर पाण्डेय व एक अन्य गब्बर से विवाद हो गया था। इसी विवाद में मंदिर के पुजारी के बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी गई। गोली लगते ही सवन पांडेय निवासी गुरुसंडी की हालत बिगड़ उठी थी आनन फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। वारदात को अंजाम देने वाले गैंगस्टर त्रिनयन दुबे उर्फ गब्बर का गांव में खौफ होना बताया जा रहा है। गोली मारकर की गई दिनदहाड़े हत्या की इस वारदात से इलाके में जहां सनसनी फैल गई है। वहीं वारदात को लेकर लोगों में आक्रोश भी देखा गया है। गुरसंडी चौकी पुलिस जरा भी गंभीर रही होती तो शायद श्रवण पांडेय को आज गोली न लगती, लेकिन चौकी पुलिस की खाऊं कमाऊं और टरकाऊ नीति ने इस बड़ी वारदात को अंजाम दिलाने में महती भूमिका निभाई है। ग्रामीणों में और पीड़ित परिवार में इसको लेकर गम और आक्रोश बना हुआ है। लोगों की मानें तो कई दिनों से गांव के मन्दिर पर अधिकार को लेकर विवाद चल रहा था। मृतक के परिजनों का आरोप है कि पुलिस की लापरवाही के चलते हत्या हुई है, दो दिनों से गुरुसंडी चौकी पर तहरीर लेकर जा रहें थे पीड़ित लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नही की है। जिसका नतीजा यह रहा है कि आज मंदिर के दान पेटी से पैसा गायब होने के बाद नाम आते ही मंदिर के पुजारी के बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी गई।घटना की जानकारी होते ही फौरन दलबल के साथ मौके पर पुलिस अधीक्षक अभिनंदन, एसपी सिटी नितेश सिंह, सीओ सदर, देहात कोतवाली, शहर कोतवाली प्रभारी, फोरेंसिक, फील्ड यूनिट समेत भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे हैं।

# वन भूमि पर अतिक्रमण कर की जा रही खेती, सिमट रहा जंगल

## 'ड्रमंडगंज वनरेंज के बबुरा रघुनाथ सिंह, सोनगढ़ा, बंजारी जंगल का अतिक्रमण की चपेट में आने से हो रहा सफाया

ड्रमंडगंज, मीरजापुर(आरएनएस)। ड्रमंडगंज वनरेंज में तेजी से हो रहे अतिक्रमण के चलते जंगलों का सफाया हो रहा है। वहीं विभागीय अधिकारी और कर्मचारी कार्रवाई की बजाय हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। वनरेंज में प्रतिवर्ष लाखों पौधे लगाए जाते हैं लेकिन देखरेख के अभाव व विभागीय लापरवाही के चलते पौधे धरातल से गायब हो जाते हैं। विभागीय उदासीनता के चलते अतिक्रमणकर्ता प्रतिवर्ष जंगलों को साफ कर अतिक्रमण का दायरा बढ़ाने में लगे हुए हैं। जिससे वनरेंज में जंगलों का सफाया हो रहा है।हाल ही में बबुरा रघुनाथ सिंह वनक्षेत्र के कोदवारी जंगल में वनविभाग की लापरवाही से सैकड़ों सागौन सलई और खैर के पेड़ काटे जा चुके हैं। हालांकि विभाग आनन–फानन में कार्रवाई कर मामले को दबाने में जुट गया।ड्रमंडगंज वनरेंज के बबुरा रघुनाथ सिंह, बंजारी कलां, सोनगढ़ा वनक्षेत्र में लोगों द्वारा बड़े पैमाने पर वन भूमि पर कब्जा कर खेती की जा रही है। बबुरा रघुनाथ सिंह वनक्षेत्र में खेती करने के लिए जोताई की जा रही है लेकिन वनविभाग कार्रवाई की बजाय मूकदर्शक बना हुआ है। वहीं कार्रवाई नही होने से अतिक्रमण करने वालों के हौसले बुलंद हैं। क्षेत्र में अतिक्रमण के चलते तेजी से वनावरण घटता जा रहा है जिससे पर्यावरण को भारी क्षति पहुंच रही है। वहीं विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के चलते जंगलों का तेजी से सफाया होने पर सरकार के वनावरण बढ़ाने के प्रयास पर पानी फिर रहा है। इस संबंध में उप प्रभागीय वनाधिकारी मीरजापुर शेख मुअज्जम का कहना है कि वन भूमि की पैमाइश करवाई जाएगी और अभियान चलाकर वन क्षेत्र में किए गए अतिक्रमण को मुक्त कराया जाएगा।

# श्री आदर्श रामलीला समिति के तत्वावधान में श्रीराम जन्म का मंचन किया गया

लालगंज, मीरजापुर (आरएनएस)। स्थानीय विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय गंगहरा कलां के प्रांगण में सोमवार की रात श्री आदर्श रामलीला समिति के तत्वावधान में श्री राम जन्म का मंचन किया गया। मंचन के दौरान रामायण के उस प्रसंग की प्रस्तुति की गई जब राजा दशरथ और तीनों रानियां कैकई, सुमित्रा और कौशल्या संतान नहीं होने से दुखित रहते हैं। राजा मनु अपनी पत्नी सतरूपा के साथ वन में घोर तपस्या कर भगवान के समान पुत्र प्राप्त करने का वरदान मांगा था। तब मुनि वशिष्ट उनसे अग्नि का आवाह्न कर हवन करने को कहते हैं जिससे अग्नि देव प्रसन्न होकर प्रकट होते है और खीर का एक पात्र देते हैं। दशरथ खीर के पात्र को रानी कौशल्या और कैकई को देते है। दोनों रानियां अपने–अपने भाग से सुमित्रा को आधा–आधा भाग खीर का देती है फिर तीनों रानियां के यहां राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न का जन्म होता है। सब की कुंडली के अनुसार उनका नाम संस्करण होता है। भगवान राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न का जन्म होते ही दर्शकों के जय श्री राम के जयकारे से पूरा पंडाल गूंजायमान हो जाता है। जैसे ही महाराज दशरथ को दासियों ने पुत्र होने की सूचना दी की खुशी से राजा दशरथ झूम उठे और सोने, हीरा, मोती का दान देने लगे।

इस दौरान रामलीला कमेटी के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र कुमार दुबे, राहुल पांडे, राधे मोहन चौबे, जयप्रकाश दुबे व्यास, विजय शंकर दुबे, महानारायण दुबे, लक्ष्मी दुबे, राम अधार दुबे, लंकेश दुबे,विभु दूबे, लाला चौबे आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने संचारी अभियान रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

मीरजापुर(आरएनएस)। शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य 11 विभागों द्वारा संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के अन्तर्गत जागरूकता अभियान का शुभारम्भ, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन द्वारा फीता काटकर एवं हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। नगरपालिका परिषद मीरजापुर एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से वेक्टर जनित बीमारियों के वाहक को नियंत्रण में प्रयोग की जानी वाली फागिंग मशीन, एण्टीलार्वल मशीन का प्रदर्शन किया गया। साथ ही साथ डेंगू, मलेरिया एवं अन्य वेक्टर जनित बीमारियों के नियंत्रण हेतु पम्पलेट का वितरण किया गया। रैली के आरम्भ से पहले मुख्य चिकितसा अधिकारी कार्यालय में संक्षेप में चर्चा की गयी एवं आम जनमानस के सहयोग से ही वेक्टरजनित रोगों पर नियंत्रण पाया जा सकता है की अपेक्षा की गयी। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग एवं अन्य विषयों पर चर्चा की गयी। इसी क्रम में डा लालजी गौतम, (नोडल वेक्टरबार्न डिजीज) ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अभियान को सफल बनाने हेतु सम्बोधित किया। जिला मलेरिया अधिकारी संजय कुमार द्विवेदी समस्त वीबीडी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ उपस्थित रहे। स्वास्थ्य कर्मियों की रैली मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, मीरजापुर से आरम्भ होकर कचहरी मीरजापुर होते हुए मण्डलीय चिकित्सालय मीरजापुर में समाप्त की गयी। समापन के साथ रैली में प्रतिभागियों को अल्पाहार का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सीएल वर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# कमरे में बन्द कर लाखों की चोरी का आरोप, नही दी तहरीर

मीरजापुर(आरएनएस)। मड़िहान थाना क्षेत्र के लालपुर नौडीहा गांव में सोमवार की रात चोरों ने परिवार को कमरे में बन्द कर चोर लाखों रुपये का सोने चांदी का गहना उठा ले जाने का आरोप लगाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम के छानबीन में कमरे का ताला व चाभी घर से बरामद की।

चोरी की घटना को पुलिस संदिग्ध मानकर जांच में जुटी है। संजय सिंह उर्फ डब्बू पटेल का आरोप है कि सोमवार की शाम खाना खाने के बाद परिवार के साथ कमरे में सोने चले गए। देर रात चोर उनके कमरे को बाहर से बन्द कर दिए। अलग कमरे में रखे लाकर से जेवरात उठा ले गए। खटखटाने की आवाज लगने पर बाहर निकलने का प्रयास किया तो दरवाजा बाहर से बन्द था। पास पड़ोस में मोबाइल से फोन कर घटना की जानकारी देने का प्रयास किया, लेकिन किसी का फोन रिसिब नही हुआ। चोरी की जानकारी गांव में फैल गयी। गृह स्वामी ने बताया कि लगभग लाखों रुपये कीमत का गहना चोरी हुआ है, लेकिन कौन कौन गहना चोरी हुआ इसका विवरण नही दे सके। चोरी की जानकारी होते ही पुलिस के हांथ पांव फूलने लगे। इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि जांच पड़ताल के बाद मामला संदिग्ध लग रहा है।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।